राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उतरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत
सुरत–गुजरात,संस्करण बुधवार, 01 जुन 2022 वर्ष–5,अंक–126 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1


# पंचतत्व में विलीन मूसेवाला



## पिता ने पगड़ी उतारकर लोगों को शुक्रिया कहा, आखिरी सफर में उमड़ी प्रशंसकों की भीड़

नई दिल्ली। मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। मानसा जिले के मूसागांव स्थित उनके खेत में ही उन्हें मुखाग्नि दी गई। मूसेवाला की अंतिम यात्रा में उनके प्रशंसकों की भारी भीड़ जुटी, जो उनकी एक आखिरी झलक देखना चाहती थी। मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह और मां चरण कौर ने अपने स्टार सिंगर बेटे को विदाई देने पहुंचे सैकड़ों प्रशंसकों का हाथ जोड़कर धन्यवाद किया। पिता ने अपनी पगड़ी उतारकर प्रशंसकों को शुक्रिया किया। मूसेवाला की शव यात्रा और अंतिम संस्कार वाली जगह पर



पंजाब सरकार मुदार्बाद के नारे लगे। उनके प्रशंसकों ने उनकी सिक्योरिटी हटाए जाने और इसकी जानकारी सार्वजनिक किए जाने के चलते सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर





की। इससे पहले मूसेवाला की मां ने अंतिम यात्रा के लिए आज आखिरी बार बेटे के बाल संवारे। पिता ने पगड़ी पहनाई। मूसेवाला के सिर पर सेहरा सजाया गया। सिद्धू मूसेवाला का आगामी 11 जून को 29वां बर्थ-डे था और जून में ही उनकी शादी होनी थी। ताबूत में लिटाए गए बेटे को मां-पिता एकटक निहारते रहे। यह देखकर वहां मौजूदा लोगों की आंखें भर आई। मानसा के सिविल हॉस्पिटल में सोमवार को उनके पार्थिव शरीर का पोस्टमॉर्टम किया गया था। मंगलवार सुबह उनका शव परिवार को सौंप दिया गया, जहां उनके अंतिम दर्शन के लिए प्रशंसकों की भारी भीड़ जुटी। मूसेवाला की अंतिम यात्रा उनके फेवरेट 5911 ट्रैक्टर पर निकाली गई। मूसेवाला ने अपने कई पंजाबी गीतों में इस ट्रैक्टर का जिक्र किया है। इसे मॉडिफाई करवाकर भी उन्होंने घर में रखा हुआ था। मूसेवाला का रविवार शाम जवाहरके में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। पोस्टमॉर्टम में उनके शरीर पर गोलियों के 24 निशान मिले। उनका सिर, पैर, छाती और पेट गोलियों से छलनी हो गया। मूसेवाला के बाएं फेफड़े और लिवर में गोली लगी। सिद्धू के अंतिम संस्कार की खबर लगने के बाद बड़ी संख्या में उनके फैन्स मूसागांव पहुंचने लगे थे।

## कुछ भी कर लो, ज्ञानवापी मस्जिद ही रहेगी, वीडियो लीक पर भड़के असदुद्दीन ओवैसी

**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी मस्जिद में हुए सर्वे का वीडियो लीक होने को लेकर एमआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने इसे कोर्ट के आदेश की अवहेलना बताते हुए कहा है कि वीडियो फर्जी भी हो सकता है। सांसद ने कहा है कि यदि यह वीडियो सच भी है तो भी ज्ञानवापी मस्जिद थी, है और रहेगी। असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "जो वीडियो मीडिया में (वीडियो) चलाए जा रहे हैं, वो बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में तो जजों ने कहा कि मीडिया को नहीं चलाना चाहिए। यह सलेक्टिवली कौन दे रहा है। आप लीक कर लो, कुछ भी कर लो। 1991 का ऐक्ट है। ऐक्ट के मुताबिक 1947 में मस्जिद थी, मस्जिद है और रहेगी।" उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर भी सवाल खड़े किए और पूछा कि पार्टी चुप क्यो हैं। ओवैसी ने आगे कहा, "सबसे अहम सवाल यह कि कांग्रेस पार्टी



जो मुझ पर आरोप लगाती है, गूंगी क्यों बनी हुई है। आप ही की सरकार ने यह कानून बनाया था। अगर आप 1991 के संसद की बहस देखेंगे तो उमा भारती ने चीख मारकर कहा था कि ज्ञानवापी का क्या होगा। बीजेपी वह मोशन हार गई। संसद की इच्छा में यह बात शामिल है ना। 1991 का ऐक्ट है, आप कुछ नहीं कर सकते। वीडियो कुछ भी होगा। 1991 में हमने कानून बना दिया। पहली बात तो मैं वीडियो नहीं मानता, हो सकता है एडिट किया गया हो। यदि वीडियो सच भी हो तो कानून है। वाराणसी की जिला अदालत ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की वीडियोग्राफी सर्वे की कॉपी हिंदू पक्ष के वादीगणों को सौंपने का आदेश दिया।

# बरेली: एंबुलेंस-टैंकर की टक्कर, 7 की मौत

## एम्स में मरीज को लेकर दिल्ली गया था पीलीभीत का परिवार

बरेली। भीषण सड़क हादसा हो गया है। एंबुलेंस में सवार 7 लोगों की मौत हो गई है। मरीज को लेकर परिवार के लोग दिल्ली से पीलीभीत के लिए लौट रहे थे। मीरगंज-दिल्ली हाईवे पर सामने से आ रहे टैंकर से टक्कर हो गई। एंबुलेंस और टैंकर दोनों की ही रफ्तार काफी तेज थी। हादसे की वजह ड्राइवर को झपकी आना बताया जा रहा है। मरने वाले सभी 7 लोग पीलीभीत के रहने वाले थे। थाना भोजीपुरा क्षेत्र में यह सड़क हादसा हुआ है। शंखा पुल के पास अचानक एंबुलेंस अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे टैंकर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त



की एंबुलेंस का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मरीज के साथ इसमें परिवार के बाकी लोग भी सवार थे। सभी की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा करीब 6 बजे हुआ। एंबुलेंस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ी, इसके बाद सामने आ रहे टैंकर से टकरा गई। टक्कर इतना जोरदार थी कि तेज धमाका सा हुआ। 80 से ज्यादा की स्पीड रही होगी। खुर्शीद का पूरा परिवार खत्म हो गया। खुर्शीद अपनी पत्नी समीरन बेगम का कैंसर इलाज करा रहे थे। हालत ज्यादा बिगड़ने पर कल दिल्ली के लिए निकले थे। एंबुलेंस में उनके साथ उनका बेटा आरिफ था। साथ में बहन सगीर बानों भी थीं। गांव के ही जफर को भी साथ लेकर गए थे। दिनभर कोशिश की लेकिन भर्ती करा सके। पत्नी को लेकर वापस लौट रहे थे। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर मीरगंज के पास हादसा हो गया। इसमें खुर्शीद, उनकी बहन, बेटा और पत्नी की मौत हो गई। जफर ने भी दम तोड़ दिया। एंबुलेंस चालक मेहंदी खां का शव फंसा होने की वजह से गाड़ी को काटकर निकाला गया।

## 2014 से पहले की तुलना में हमारी सीमाएं अब ज्यादा सुरक्षित

## कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिमला में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सीमाएं 2014 से पहले की तुलना में अब अधिक सुरक्षित हैं। उन्होंने आगे कहा कि वह हमेशा मानते हैं कि वह देश के प्रधानमंत्री के बजाय देश के लोगों के सेवक हैं। उन्होंने अपनी सरकार के आठ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में 'गरीब कल्याण सम्मेलन' में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शिमला में एक रैली में उन्होंने कहा कि 2014 से पहले की तुलना में अब हमारी सीमाएं अधिक सुरक्षित हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपनी सरकार की आठवीं वर्षगांठ के अवसर पर शिमला पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ह्यह्य हमने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की सूची में से नौ करोड़ फर्जी नाम हटाए हैं। उन्होंने दावा किया कि कई



अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के मुताबिक भी भारत में गरीबी घट रही है। मोदी ने कहा, ह्यह्य हमारी योजना देश के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज बनाने की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सरकार की आठवीं वर्षगांठ के अवसर पर रोड शो में हिस्सा लेने और रिज मैदान में एक रैली को संबोधित करने के लिए मंगलवार की सुबह शिमला पहुंचे। हिमाचल प्रदेश में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। प्रधानमंत्री मोदी राज्य में भाजपा सरकार की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के गृह जिले मंडी के पड्डल मैदान में एक रैली को संबोधित करने के लिए पिछले साल 27 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश आए थे।

# विधानसभा में योगी बोले: अखिलेश-राहुल एक जैसे

## नेता प्रतिपक्ष को गाय के गोबर में बदबू आती है, विधायक निधि अब 5 करोड़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधायकों के लिए अच्छी खबर है। राज्य में अब विधायक निधि 5 करोड़ होगी। मुख्यमंत्री योगी ने बजट पर बोलते हुए आखिर में कहा कि विधायक निधि को 5 करोड़ किए जाने की घोषणा करता हूं। बता दें, कांग्रेस विधायक आराधना मोना ने विधायक निधि बढ़ाए जाने की मांग सदन में मुख्यमंत्री से की थी। पहले विधायक निधि 3 करोड़ होती थी। जो अब बढ़कर 5 करोड़ होगी। यूपी विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर हमलावर नजर आए। योगी ने कहा- नेता प्रतिपक्ष को बताना चाहूंगा कि आज गोबर से अगरबत्ती, धूपबत्ती भी बनती है। अगर पूजा करते तो जरूर जलाते। नेता प्रतिपक्ष अगर गोसेवा करते होते तो भाषण में भी दिखाई देता, लेकिन शायद भैंस वाले दूध का असर भाषण पर ज्यादा दिखाई दिया। गाय का कम दिखाई दे रहा है। योगी यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा- नेता प्रतिपक्ष ने एक बात कही थी कि उन्होंने अपने समय में एक स्कूल का दौरा किया था। बच्चों से पूछा मैं कौन हूं, तो बच्चे ने कहा- राहुल गांधी। बच्चे मन के सच्चे होते हैं। उसने सोच-समझकर ही कहा होगा। फर्क बहुत ज्यादा



नहीं है। इतना है कि राहुल गांधी देश के बाहर देश की बुराई करते है और आप यूपी के बाहर यूपी की बुराई करते हैं। योगी ने कहा- ₹नेता प्रतिपक्ष उस दिन ऐसे मुद्दे पर आ गए जिसका बजट से संबंध नही था। ऐसी बातें बोल रहे थे जिसका खामियाजा प्रदेश अतीत में भुगत चुका है। ऐसे में दुष्यंत कुमार की पंक्तियां याद आ गईं- कैसे मंजर सामने आने लगे हैं और गाते-गाते लोग चिल्लाने लगे हैं...। योगी ने कहा- नेता प्रतिपक्ष भाषण में एक तरफ किसान की बात कर रहे हैं। दूसरी तरफ गोबर में उन्हें बदबू आ रही थी। टीम यूपी के रूप में सामूहिक प्रयास हुए। उत्तर प्रदेश के बारे में दुनिया में लोगों का विश्वास बढ़ा है। योगी ने कहा- मजबूत इरादों के दम पर कोरोना को भी उत्तर प्रदेश से दुम दबाकर भागना पड़ा। पिछली सरकारें परिणाम नहीं दे पाईं। फर्क साफ है। आप समस्या के बारे में सोचते हैं। हम समाधान के बारे में सोचते हैं। समस्या के बारे में दस बहाने मिल जाते हैं। समाधान में दस रास्ते मिल जाते हैं। यही फर्क साफ है। ये बजट अब तक का सबसे बड़ा बजट है। उत्तर प्रदेश का पहला बजट 1947 में जब आया तो वो कुल 103 करोड़ का था। उस समय प्रदेश के प्रति व्यक्ति आय 259 रुपए थी। प्रदेश की जीडीपी 1,628 करोड़ थी। इसके बाद से देश ने एक लंबी यात्रा तय की। 75 वर्षों में हम खो गए। 70 वर्षों में यूपी को कहां ले गए। योगी के तंज पर अखिलेश यादव ने कहा- नेता सदन ने बजट के बारे में गलत जानकारी दी। पहला बजट 1952 में आया था। मुझे आपको यह बताना था कि पिछले 5 साल में आपने क्या किया, आपके पेश किए बजट पर चर्चा होनी है। आपने 22 मंत्री हटाए, इसीलिए तो हटाए कि वे अपने विभाग का पैसा खर्च नहीं कर पाए। तो, उस गैप को बताना चाहिए।

## जम्मू और कश्मीर में फिर टारगेट किलिंग, आतंकियों ने कुलगाम में शिक्षक को गोली मारी

**नई दिल्ली।** जम्मू और कश्मीर में एक बार फिर आम नागरिक आतंकियों की गोली का शिकार बना है। मंगलवार को कुलगाम में आतंकियों ने स्कूली शिक्षिका की गोली मार दी थी। इस बात की जानकारी पुलिस ने दी है। घटना में शिक्षिका की मौत की खबर है। खास बात है कि हाल ही में आतंकियों ने राहुल भट्ट नाम के कश्मीरी पंडित की भी गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि कुलगाम जिले के गोपालपुर में रजनी बाला (36) पर आतंकवादियों ने गोली चलाई, जिससे वह घायल हो गईं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रजनी बाला गोपालपुर में बतौर पर शिक्षिका तैनात थीं। उन्होंने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी गई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शिक्षिका की हत्या को "घिनौना" कृत्य करार दिया। उन्होंने कहा, "रजनी जम्मू संभाग के सांबा जिले की निवासी थीं। दक्षिण कश्मरी के कुलगाम में शिक्षिका के तौर पर काम कर रही थीं, एक घिनौने हमले में उनकी जान चली गई।

## डबल मर्डर: बलिया में पिता-पुत्र की निर्मम हत्या, अलग-अलग जगहों पर मिले दोनों के शव

**बलिया।** जिले हल्दी क्षेत्र में मंगलवार सुबह पिता-पुत्र की हत्या से सनसनी फैल गई। पुत्र का शव गांव से दूर कुएं में मिला जबकि पिता का शव घर के अंदर खून से लथपथ पड़ा था। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच शुरू कर दी।

मंगलवार की सुबह गांव के एक कुएं से 26 वर्षित विक्रम सिंह का खून से लतपथ शव मिला। पुलिस ने शव को बाहर निकाला। कुएं के बाहर खून के निशान मिले। इस संबंध से छानबीन करने पुलिस जब मृत युवक के घर पहुंची तो वहां



उसके पिता उमाशंकर सिंह (70) का भी खून से लतपथ शव देखकर हतप्रभ रह गई। गांव में एक साथ बाप-बेटे का शव मिलने से हड़कंप मच गया। माना जा रहा है कि किसी ने दोनों की हत्या की है। गांव वालों के अनुसार उत्तर टोला स्थित घर में उमाशंकर सिंह अपने दो बेटों विक्रम सिंह (26) व संदीप सिंह (24) के साथ रहते थे। दोनों अविवाहित हैं, जबकि उमाशंकर की पत्नी का भी निधन हो चुका है। घटना के बाद से छोटे बेटे संदीप का पता नहीं चल सका है और उसका मोबाइल भी बंद है। ग्रामीणों की मानें तो उमाशंकर का एक और बेटा दिलीप विक्रम व संदीप से भी बड़ा है। वह 12-13 वर्ष पहले घर छोड़कर चला गया था। बताया जाता है कि 2-3 दिन पहले वह भी घर आया था। उस समय बाप-बेटों के बीच विवाद हुआ था। उसके बाद वह चला गया था। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी, सीओ, थानाध्यक्ष आदि मौके पर पहुंच गए। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# भाजपा के सभी आठ उम्मीदवारों ने भरा नामांकन, मुख्यमंत्री योगी सहित प्रमुख नेता रहे मौजूद

**लखनऊ।** यूपी में 11 सीटों के लिए हो रहे राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा के सभी आठ उम्मीदवारों ने मंगलवार को नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा के प्रमुख नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेश की 11 राज्यसभा की सीटों में से आठ पर भाजपा व तीन पर सपा का जीतना लगभग तय है। भाजपा ने राज्यसभा के लिए राधामोहन दास अग्रवाल, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, संगीता यादव, दर्शना सिंह, बाबू राम निषाद, सुरेंद्र सिंह नागर, मिथिलेश कुमार और डॉ. के लक्ष्मण को उम्मीदवार बनाया है। यूपी विधानसभा में भाजपा गठबंधन के 273 और



सपा गठबंधन के 125 विधायक हैं। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक और कांग्रेस के दो-दो तथा बसपा का एक विधायक है। जनसत्ता दल के दो विधायकों का समर्थन भाजपा को मिल सकता है। जबकि कांग्रेस और बसपा का किसी भी दल से गठबंधन नहीं होने से दोनों दल चुनाव से बाहर रह सकते है। राज्यसभा की एक सीट के लिए 36 विधायकों का वोट चाहिए। भाजपा के पास 273 विधायक है, ऐसे में उन्हें प्रथम और द्वितीय वरीयता क्रम के मतदान के आधार पर 8 सीट जीतने में कोई परेशानी नहीं होगी। सपा के पास 125 विधायक हैं। इस आधार पर उसे 3 सीट जीतने में कोई दिक्कत नहीं है। 31 मई नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है। भाजपा ने गोरखपुर जिले से दो कार्यकताओं को राज्यसभा का टिकट दिया है। राधामोहन दास अग्रवाल और संगीता यादव दोनों गोरखपुर के हैं। लोकसभा सदस्य रविकिशन सहित गोरखपुर में अब कुल तीन सांसद हो जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से ही विधायक हैं। ऐसे में अब यूपी से दिल्ली तक भाजपा की राजनीति में गोरखपुर का दबदबा बढ़ेगा।

# भ्रष्टाचार प्रतियोगिता में

&

# भ्रष्टाचार की जानकारी देने

**National Rights Group**
**Youtube Channel**

krantisamay@gmail.com

9879141480

**fight against corruption india**

**भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई**

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुंबई ।** मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच ही दिग्गज कंपनियों एचडीएफसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस के शेयरों में बिकवाली हावी होने से बाजार नीचे आया है। इससे साफ है कि जीडीपी के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इससे पहले आज सुबह बाजार खुलते ही उसमें गिरावट शुरु हो गयी जो दिन भर बनी रही। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 359.33 अंक करीब 0.64 फीसदी नीचे आकर 55,566.41 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 76.85 अंक तकरीबन 0.46 फीसदी नीचे आकर 16,584.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, सन फार्मा, एचडीएफसी, इन्फोसिस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर गिरे हैं। वहीं, दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, पावरग्रिड, टेक महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयरों को लाभ हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक घरेलू बाजार में शुद्ध खरीदार रहे। उन्होंने गत दिवस 502.08 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि जापान के निक्की में गिरावट रही। इसके अलावा यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी गिरावट रही।






## स्टार्टअप टेकईगल ने ड्रोन से गुजरात के कच्छ क्षेत्र में डाक भेजी

### 46 किलोमीटर की दूरी आधे घंटे से कम समय में तय की

**मुंबई ।** गुरुग्राम के स्टार्टअप टेकईगल ने कहा कि भारतीय डाक विभाग के साथ सहयोग में शुरू की गई आरंभिक परियोजना के तहत कंपनी ने एक ड्रोन के जरिए गुजरात में डाक सफलतापूर्वक पहुंचाई। कंपनी ने बताया कि इस तरह के काम के लिए ड्रोन की यह पहली उड़ान थी, जिसमें 46 किलोमीटर की दूरी आधे घंटे से भी कम समय में गुजरात के कच्छ क्षेत्र में डाक भेजी गई। टेकईगल ने पिछले माह देश की सबसे तेज गति की हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ एंड लैंडिंग (वीटीओएल) सेवा 'वर्टिप्लेन एक्स3 शुरू की थी। इसकी रेंज 100 किलोमीटर है, तीन किलोग्राम तक वजन का पार्सल ले जा सकता है। यह अधिकतम 120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकता है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 27 मई को कंपनी के 'वर्टिप्लेन एक्स3' ने भुज तालुका के हाबे गांव से भारतीय डाक विभाग की डाक कच्छ जिले के भाचानू तालुका के नेर गांव में पहुंचाई। उन्होंने बताया कि यह एक ही उड़ान में सबसे लंबी ड्रोन डिलीवरी रही है।


## महिंद्रा एंड महिंद्रा अगले साल एक्सयूवी 300 का इलेक्ट्रिक संस्करण उतारेगी

**मुंबई ।** घरेलू वाहन कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) की अगले साल की पहली तिमाही में अपनी 'एक्सयूवी-300 एसयूवी का पूर्ण इलेक्ट्रिक संस्करण बाजार में लाएगी है। कंपनी ने घोषणा की कि वह इस साल अगस्त में अपनी इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार रणनीति 'बॉर्न इलेक्ट्रिक विजन' का अनावरण करेगी। कंपनी ने हाल ही में फॉक्सवैगन के साथ भागीदारी की है। इस भागीदारी के जरिये मुंबई मुख्यालय वाली कंपनी फॉक्सवैगन के मॉड्यूलर इलेक्ट्रिक ड्राइव मैट्रिक्स (एमईबी) कलपुर्जों के इस्तेमाल की संभावना तलाशेगी। इन कलपुर्जों का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक कारों में होता है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम एक्सयूवी 300 का इलेक्ट्रिक संस्करण पेश करने की योजना बना रहे हैं, जो हमें अगले कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में उतारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस हालांकि एक्सयूवी-300 का इलेक्ट्रिक संस्करण कहा जाएगा लेकिन इसकी लंबाई चार मीटर से अधिक यानी 4.2 मीटर होगी।

## सेबी ने बदले आईपीओ में बोली लगाने के नियम, सब्सक्रिप्शन बढ़ाने को बोली लगाने वालों पर लगेगी लगाम

**नई दिल्ली ।** बाजार नियामक सेबी ने आईपीओ में बोली लगाने के नियम में बड़ा बदलाव कर दिया है। अब वही निवेशक पब्लिक इश्यू के लिए बोली लगा सकेंगे, जो वास्तव में कंपनी के शेयर खरीदना चाहते हैं। यह नियम सभी तरह के निवेशकों के लिए लागू किया गया है। दरअसल, सेबी को इस बात की जानकारी मिली थी कि कुछ संस्थागत और अमीर निवेशक (एचएनआई) सिर्फ आईपीओ का सब्सक्रिप्शन बढ़ाने के लिए उसमें बोली लगा रहे हैं। उनका मकसद शेयरों में निवेश करना नहीं था। नए नियम से सब्सक्रिप्शन डेटा बढ़ाने के लिए बोली लगाने पर रोक लग जाएगी। नए नियम 1 सितंबर, 2022 से लागू होंगे। सेबी ने इस बारे में एक सर्कुलर जारी किया है। सर्कुलर में कहा गया है कि आईपीओ के आवेदन को तभी प्रोसेस किया जाएगा, जब उसके लिए जरूरी फंड निवेशकों के बैंक खाते में उपलब्ध होगा। बाजार नियामक सर्कुलर के मुताबिक, स्टॉक एक्सचेंज अपने इलेक्ट्रॉनिक बुक बिल्डिंग प्लेटफॉर्म पर एएसबीए आवेदन को तभी स्वीकार करेंगे, जब उसके साथ मनी ब्लॉक होने का कन्फर्मेशन होगा। नया नियम सभी तरह के निवेशकों पर लागू होगा। आईपीओ में बोली लगाने के लिए खुदरा, पात्र-संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी), गैर-संस्थागत निवेशक (एनआईआई) जैसी श्रेणी बनाई गई है। 1 सितंबर 2022 से बाजार में दस्तक देने वाले सभी पब्लिक इश्यू को इस नियम का पालन करना होगा। अभी सभी श्रेणी के निवेशकों के फंड को एएसबीए आधार पर ब्लॉक किया जाता है, लेकिन व्यवहारिक तौर पर क्यूआईबी और एनआईआई को कुछ छूट हासिल है।

## शेयरचैट वित्तपोषण के लिए गूगल, टेमासेक से बात कर रही




**मुंबई ।** सोशल मीडिया मंच शेयरचैट की कंपनी मोहल्ला टेक 30 करोड़ डॉलर के वित्तपोषण दौर के लिए गूगल, टेमासेक और अन्य निवेशकों से बात कर रही है। इसकी जानकारी देकर सूत्र ने बताया कि सौदा जून में पूरा होने की उम्मीद है। इस वित्तपोषण दौर के समय शेयरचैट का मूल्यांकन पांच अरब डॉलर रहने का अनुमान है। सूत्र ने बताया, 30 करोड़ डॉलर के वित्तपोषण के लिए मोहल्ला टेक की गूगल, वर्तमान निवेशक टेमासेक और अन्य निवेशकों के साथ आगे के दौर की बातचीत चल रही है। लेनदेन के समय शेयरचैट का मूल्यांकन करीब पांच अरब डॉलर रहने का अनुमान है। टेमासेक के प्रवक्ता ने कहा, टेमासेक बाजार की अटकलों और अफवाहों पर कोई टिप्पणी नहीं करती है। गूगल ने भी इस विषय पर कोई जवाब नहीं दिया।

## सरकार के अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाने की संभावना नहीं: ओएनजीसी




**मुंबई ।** ओएनजीसी ने कहा कि तेल एवं गैस कीमतों में तेजी से उत्पादकों को होने वाले अप्रत्याशित लाभ पर मोदी सरकार का नया कर लगाने का कोई इरादा नहीं है। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) का मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही में शुद्ध लाभ 31.5 प्रतिशत बढ़कर 8,859.54 करोड़ रुपये रहा। वहीं बीते वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी ने रिकॉर्ड 40,306 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। कंपनी की चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अलका मित्तल ने में कहा, ''हमें इस बारे में कोई सूचना नहीं मिली है।'' पिछले सप्ताह ऑयल इंडिया लि. के चेयरमैन एस सी मिश्रा ने भी यही बात कही थी। मित्तल ने कहा, सरकार हमसे तेल एवं गैस की खोज एवं उत्पादन के मामले में खर्च बढ़ाने को लेकर आक्रामक तरीके से कदम उठाने के लिए कहती रही है, ताकि घरेलू उत्पादन बढ़े और आयात पर निर्भरता में कमी ला सके। सरकार ओएनजीसी की प्रत्येक एक रुपये की कमाई पर 65-66 पैसा कर लेती है। शेष राशि तेल एवं गैस क्षेत्र के विकास में लगाती है। तेल की कम कीमतों के कारण पिछले कुछ साल से खोज के मामले में निवेश कम होना वैश्विक स्तर पर तेल एवं गैस उत्पादन में कमी का एक प्रमुख कारण है। इससे वैश्विक स्तर पर मांग के अनुसार उत्पादन नहीं हो पाया। हालांकि, ओएनजीसी ने तेल के दाम कम होने पर भी खोज एवं उत्पादन को लेकर खर्च में कमी नहीं की है। इससे कंपनी को नए क्षेत्र तलाशने और उत्पादन में लाने में मदद मिली। इसके कारण पुराने क्षेत्रों से उत्पादन में कमी की भरपाई हो सकी है। मित्तल ने कहा, मुझे नहीं लगता कि सरकार अप्रत्याशित लाभ पर कोई कर लगाने की बात करेगी।

# अमेजफिट ने लॉन्च की 24 दिन तक चलने वाली स्मार्टवॉच

### -कंपनी की नई घड़ी अमेजफिट टी-रेक्स 2 लॉन्च




**नई दिल्ली ।** अमेजफिट कंपनी ने अपनी नई घड़ी अमेजफिट टी-रेक्स 2 लॉन्च की है। कंपनी का दावा है कि एक बार फुल चार्ज करने पर यह घड़ी 24 दिन तक चलेगी।अमेजफिट टी-रेक्स 2 स्मार्टवॉच को 229.99 डॉलर की कीमत पर बाजार में उतारा गया है। भारतीय मुद्रा में इसकी कीमत लगभग 18,000 रुपये बैठती है। यह स्मार्टवॉच अभी अमेरिका के बाजार में पेश की गई है। सिलिकॉन स्ट्रैप वाली इस घड़ी में जीपीएस तकनीक दी हुई है। इसमें पावरफुल बैटरी लगाई गई है। यह घड़ी बिक्री के लिए अमेजफिट यूएस साइट पर उपलब्ध है। इस घड़ी पर 12 महीने की वॉरंटी और 30 दिन के रिटर्न की सुविधा दी गई है। यह घड़ी कई कलर ऑप्शन में पेश की गई है। आप इसे एस्ट्रो ब्लैक एंड गोल्ड, एम्बर ब्लैक, वाइल्ड ग्रीन और डेजर्ट खाकी जैसे खूबसूरत रंगों में खरीद सकते हैं।अमेजफिट की नई स्मार्टवॉच में 1.39 इंच की अमोलेड टचस्क्रीन दी गई है। स्क्रीन का पिक्सल रेजॉल्यूशन 454×454 है। अमेजफिट टी-रेक्स 2 स्मार्टवॉच में 500एमएएच क्षमता की बैटरी दी गई है। कंपनी का दावा है कि इसे फुल चार्ज होने में लगभग 2 घंटे का समय लगता है। फुल चार्जिंग में यह स्मार्टवॉच 24 दिनों तक चल सकती है। बैटरी सेवर मोड में बैटरी बैकअप को 45 दिनों तक बढ़ा सकता है। अधिक इस्तेमाल में फोन की बैटरी 10 दिन तक चल सकती है। इस घड़ी को डुअल-बैंड पोजिशनिंग के साथ पैक किया है और पांच-सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम का सपोर्ट दिया गया है। कंपनी का दावा है कि अमेजफिट टी-रेक्स 2 स्मार्टवॉच -30 डिग्री सेल्सियस में भी काम कर सकती है। इस घड़ी का वजन महज 66.5 ग्राम है।अमेजफिट टी-रेक्स 2 स्मार्टवॉच में 150 से अधिक स्पोर्ट्स मोड दिए गए हैं। इसे ब्लड ऑक्सीजन मापने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।इसे वाटरप्रूफ के लिए 10 एटीएम की रेटिंग मिली हुई है।

# टाटा मोटर्स ने किया फोर्ड इंडिया के अधिग्रहण का करार

### -साणंद संयंत्र में बढ़ेगी उत्पादन क्षमता

**नई दिल्ली ।** देश की प्रतिष्ठित वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने फोर्ड इंडिया के साणंद संयंत्र का अधिग्रहण करने के लिए गुजरात सरकार के साथ एमओयू साइन किया है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि उसकी सहयोगी टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (टीपीईएमएल) ने फोर्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफआईपीएल) की साणंद वाहन विनिर्माण इकाई के अधिग्रहण के लिए गुजरात सरकार के साथ करार किया है। टाटा मोटर्स ने शेयर बाजारों को बताया कि टीपीईएमएल और एफआईपीएल ने गुजरात सरकार के साथ आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एफआईपीएल की साणंद वाहन विनिर्माण इकाई के संभावित अधिग्रहण से संबंधित है। इसमें भूमि, इमारतों, वाहन विनिर्माण इकाई, मशीनरी और उपकरणों का अधिग्रहण शामिल है। इसमें एफआईपीएल साणंद वाहन विनिर्माण परिचालनों के सभी पात्र कर्मचारियों का स्थानांतरण भी शामिल है। हालांकि यह करार और संबंधित मंजूरियों पर निर्भर करेगा। कंपनी ने कहा कि इस समझौते के बाद अब टीपीईएमएल और एफआईपीएल के बीच अगले कुछ हफ्तों में निश्चित लेनदेन समझौते होंगे। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हिकल्स लिमिटेड और टीपीईएमएल के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा, 'एक दशक से भी अधिक समय से टाटा मोटर्स की गुजरात में मजबूत उपस्थिति है। साणंद में उसकी अपनी विनिर्माण इकाई है। इस समझौते से और रोजगार व कारोबारी अवसरों का सृजन होगा जो राज्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।' इस खबर के बाद टाटा मोटर के शेयरों में अच्छी खासी तेजी देखने को मिली। आज सोमवार को बीएसई पर टाटा मोटर्स के शेयर 2.96 प्रतिशत यानी 12.70 अंक चढ़कर 442.30 पर बंद हुए। एक्सपर्ट इसमें और भी अपसाइड देख रहे हैं। फोर्ड इंडिया का साणंद संयंत्र टाटा मोटर्स को प्रति वर्ष 2,40,000 अतिरिक्त इकाइयों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने में मदद करेगा। इसके मौजूदा तीन संयंत्रों में 4,80,000 यूनिट प्रति वर्ष उत्पादन करने की क्षमता है। क्षमता वृद्धि से टाटा मोटर्स को काफी फायदा होगा। कंपनी के पास पहले से ही इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए भारी ऑर्डर बुकिंग है।

इस अधिग्रहण से निश्चित रूप से उन्हें बड़ी मदद मिलेगी। भारतीय कार बाजार में टाटा मोटर्स की हिस्सेदारी 14 प्रतिशत से कुछ अधिक है। कंपनी दक्षिण कोरियाई ऑटो प्रमुख हुंडई के पीछे तीसरे स्थान पर है, जिसकी हिस्सेदारी सियाम के अप्रैल 2022 के आंकड़ों के अनुसार 15 प्रतिशत है।

## रुपया 12 पैसे नीचे आया



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया गिरा है। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 12 पैसे की गिरावट के साथ ही 77.66 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 77.65 पर खुला और दिन भर में 77.70 के निम्नतम स्तर से लेकर 77.62 रुपये के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में रुपया अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 12 पैसे की गिरावट के साथ ही 77.62 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पहले गत दिवस रुपया 77.54 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। वहीं छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 फीसदी बढ़कर 101.70 हो गया।

# एलआईसी का वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत घटा

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

**नई दिल्ली ।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत घटकर 2,409 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने एक साल पहले समान तिमाही में 2,917 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के बाद यह उसका पहला तिमाही नतीजा है। तिमाही के दौरान एलआईसी की कुल आय बढ़कर 2,12,230.41 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 1,90,098 करोड़ रुपए रही थी। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी पहले साल की प्रीमियम आय बढ़कर 14,663.19 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो एक साल पहले समान तिमाही में 11,053.34 करोड़ रुपए रही थी। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में एलआईसी का शुद्ध लाभ 38 प्रतिशत बढ़कर 4,124.70 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो 2020-21 में 2,974.13 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी के निदेशक मंडल की हुई बैठक में 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 10 रुपए अंकित मूल्य के शेयर पर 1.50 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश का प्रस्ताव किया है। इसके लिए शेयरधारकों की मंजूरी ली जानी है। इससे पहले इसी महीने सरकार ने कंपनी में आईपीओ के जरिए अपनी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री से 20,557 करोड़ रुपए जुटाए थे। बीएसई में कंपनी का शेयर सोमवार को 1.89 प्रतिशत चढ़कर 837.05 रुपए पर बंद हुआ।

## चौथी तिमाही में डिश टीवी को लगा झटका, 2,032 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा




**नई दिल्ली ।** देश में घरों को सीधी केबल सेवा प्रदान करने वाली कंपनी डिश टीवी इंडिया लिमिटेड को झटका लगा है और उसका एकीकृत शुद्ध घाटा मार्च 2022 को समाप्त चौथी तिमाही में बढ़कर 2,031.99 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। संपत्ति मूल्य ह्रास समेत अपवादस्वरूप प्रावधान के कारण कंपनी का घाटा बढ़ा है। डिश टीवी ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2020-21 की इसी तिमाही में कंपनी को 1,415.23 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी की परिचालन आय आलोच्य तिमाही में 14.50 प्रतिशत घटकर 642.70 करोड़ रुपये रही। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 751.75 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी का शुद्ध घाटा 1,867.23 करोड़ रुपये रहा। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2020-21 में यह 1,189.86 करोड़ रुपये था। कंपनी की परिचालन आय 2021-22 में 2,802.49 करोड़ रुपये रही। यह एक साल पहले के 3,249.36 करोड़ रुपये के मुकाबले 13.75 प्रतिशत कम है।

## कोरोनाकाल में अगरबत्ती की बिक्री थी पीक पर कार्यालय खुलते ही घटी

**नई दिल्ली ।** कोरोनाकाल में लोगों ने ईश्वर को न केवल खूब याद बल्कि अगरबत्ती लगाकर पूजा अर्चना भी जमकर की है। दरअसल हम ऐसा नहीं कह रहे यह बात इस पेशे से जुड़े कारोबारी कह रहे है। दरअसल, कोरोना काल में जब लोग घर से काम कर रहे थे तो देश में अगरबत्ती की बिक्री बढ़ गई थी। जानकारों का कहना है कि उस दौरान अगरबत्ती इंडस्ट्री की बिक्री में 30 फीसदी तक उछाल आई थी। लेकिन कोरोना का प्रकोप कम होने के साथ ही लोगों ने ऑफिस जाना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही अगरबत्ती की बिक्री की ग्रोथ भी घटकर सिंगल डिजिट पर आ गई है। अगरबत्ती का ज्यादातर कारोबार असंगठित क्षेत्र में है।

ऑल इंडिया अगरबत्ती मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के प्रेजिडेंट अर्जुन रंगा ने कहा कि कोरोना महामारी से पहले घर में पूजा करने का समय एक तरह से फिक्स था। लेकिन लॉकडाउन हटने और सप्लाई चेन की चुनौतियां दूर होने के बाद पूजा का समय बदल गया। लोग घर से काम कर रहे थे और वे किसी भी समय पूजा कर सकते थे। अब अगरबत्ती का मल्टीपल यूज कम हो गया है। अब इंडस्ट्री की सालाना ग्रोथ 5-6 फीसदी रह गई है। रंगा ने कहा कि महामारी के बाद अगरबत्ती की पैनिक बाइंग भी देखने को मिली। इसलिए भी इसकी मांग में उछाल देखने को मिला। पूरे देश में इसका पेनिट्रेशन करीब 80 फीसदी है। इसे देखते हुए पांच से छह फीसदी की ग्रोथ अच्छी है।

मैसूर डीप परफ्यूमरी हाउस के मैनेजिंग पार्टनर अंकित अग्रवाल ने कहा कि कोरोना की पहली लहर के बाद अगरबत्ती इंडस्ट्री की मांग में 30 फीसदी उछाल आई। लोग घर से काम कर रहे थे और उनके पास पूजा करने का पूरा समय था। अग्रवाल ने कहा कि महामारी से लोगों के व्यवहार में बदलाव आया है और अगरबत्ती के मामले में भी यह देखने को मिला है। गुलाब और चंदन की खुशबू वाली अगरबत्तियों की अब भी सबसे ज्यादा मांग है। लेकिन अनानास, ग्रीन ऐपल और खरबूजे की खुशबू वाली अगरबत्तियों की मांग में भी तेजी आ रही है।

हालांकि इसमें इंडिविजुअल ब्रैंड्स का परफॉरमेंस बेहतर रहा। आईटीसी के चीफ एग्जीक्यूटिव (अगरबत्ती और माचिस) गौरव तयाल ने कहा कि कंपनी के फ्लैगशिप ब्रैंड मंगलदीप की बिक्री में पिछले दो साल में 12 फीसदी की दर से बढ़ी। आईटीसी के तयाल ने कहा कि कोरोना काल में घर को ज्यादा महकाने की जरूरत थी।

## मारुति सुजुकी चालू वित्त वर्ष में उत्पादन 25 प्रतिशत बढ़कर 20 लाख से अधिक वाहन तैयार करेगी




**मुंबई ।** मारुति सुजुकी ने चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 23) में अपने उत्पादन में 25 फीसदी की बढ़ोतरी कर 20 लाख से अधिक वाहन तैयार करेगी। यह कंपनी द्वारा एक साल में किया गया सबसे अधिक उत्पादन होगा। अगर कंपनी समय पर सेमीकंडक्टर चिप्स हासिल कर के अपना लक्ष्य हासिल कर लेती है, तब यह भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता द्वारा अब तक सबसे ज्यादा ग्रोथ होगी। कंपनी अपने एंट्री-लेवल हैचबैक से लेकर प्रीमियम क्रॉसओवर और एक मिड-साइज स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल तक सभी के नए उत्पाद पेश करेगी, ताकि बाजार में अधिक हिस्सेदारी हासिल की जा सके और लक्ष्य को पूरा कर सके। इसके अलावा कंपनी बिक्री में बढ़ोतरी हासिल करने के लिए अपने मौजूदा पोर्टफोलियो में सीएनजी वाहन की पेशकश भी करेगी। नए मॉडल जोड़ने के अलावा, मारुति सुजुकी वृद्धिशील बिक्री वृद्धि हासिल करने के लिए अपने मौजूदा पोर्टफोलियो में सीएनजी की पेशकश पर करेगी। बलेनो और स्विफ्ट हैचबैक के निर्माता वित्त वर्ष 2023 में 2.08 मिलियन के उत्पादन का लक्ष्य बना रहे हैं। यह वित्त वर्ष 22 में बनाए गए 1.65 मिलियन यूनिट की तुलना में 26 प्रतिशत से अधिक है। कंपनी हर महीने औसतन 174,000 वाहनों का उत्पादन करना चाहती है। इसबारे में कंपनी प्रवक्ता ने कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया है। कंपनी के पास वर्तमान में 326,000 वाहनों की ऑर्डर हैं, जो लगभग दो महीने की बिक्री मात्रा के बराबर है। ज्यादातर ऑर्डर बुकिंग हाल ही में लांच हुई क्रॉसओवर एसयूवी अर्टिगा और बलेनो हैचबैक के लिए हुई है। अप्रैल में ही मारुति सुजुकी ने 157,392 वाहनों का उत्पादन किया। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक पिछले चार महीनों में इसका औसत मासिक उत्पादन 162,862 यूनिट तक पहुंच गया है।




## सितसिपास फ्रेंच ओपन में उलटफेर का शिकार हुए

**पेरिस ।** यूनान के स्टेफानोस सितसिपास फ्रेंच ओपन टेनिस से बाहर हो गये हैं। सितसिपास को फ्रेंच ओपन के अंतिम-16 के मुकाबले में डेनमार्क के 19 साल के होल्गर रुने ने हराकर एक बड़ा उलटफेर किया। विश्व रैंकिंग में 40वें नंबर के खिलाड़ी होल्गर ने पुरुष एकल में चौथी वरीयता प्राप्त सितसिपास को 7-5, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। सितसिपास शीर्ष दस में शामिल पहले खिलाड़ी हैं जो इस टूर्नामेंट से बाहर हुए हैं। रुने अब आठवीं वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड से खेलेंगे। रूड का भी यह पहला ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल है। उन्होंने इससे पहले 12वीं वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज को 6-2, 6-3, 3-6, 6-3 से हराया। फ्रेंच ओपन के अंतिम-8 में पहुंचने वाले नॉर्वे के पहले पुरुष खिलाड़ी हैं। वहीं, महिला एकल में रुस की दारिना कसातकिना ने प्री-क्वार्टर फाइनल में कैमिला जियोर्जिया को 6-2, 6-2 से हराया। रूस की 20वीं वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी ने मुकाबला जीतने के लिए सर्विस करते हुए जियोर्जिया की सहज गलतियों का फायदा उठाते हुए ब्रेक अंक बचाने के बाद मैच को अपने नाम किया। अब अंतिम आठ में कसातकिना का मुकाबला अपने ही देश की वेरोनिका कुदरमेतोवा से होगा। कुदरमेतोवा ने पहला सेट हारने के बाद अमेरिका की मैडिसन कीज को 1-6, 6-3, 6-1 से हराया।

# अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में व्यस्त रहेगी भारतीय टीम



**मुम्बई ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद अब भारतीय टीम को अगले छह माह तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना है। टीम इंडिया का अगले छह महीने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम काफी व्यस्त है। भारतीय टीम सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका से द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी। इसके बाद उसे एशिया कप 2022, टी20 विश्व कप और इंग्लैंड, आयरलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज खेलनी है। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले टी20 विश्वकप से पहले तकरीबन 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का अवसर मिलेगा। भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज भी खेलनी है। इस सीरीज के लिए नियमित कप्तान रोहित शर्मा को आराम दिया गया है। ऐसे में लोकेश राहुल टीम की कप्तानी करेंगे। रोहित के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी इंग्लैंड दौरे से पहले तरोताजा होने के लिए आराम दिया है। भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे पर तीन अभ्यास मैच, तीन एकदिवसीय, 3 टी20 और एक टेस्ट खेलना है। यह वही टेस्ट है जो गत वर्ष कोरोना संक्रमण के कारण नहीं हो पाया था। इसके बाद भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों के साथ आयरलैंड दौरे पर दो टी20 मैच डबलिन में खेलेगी। इस दौरे पर कोच के तौर पर वीवीएस लक्ष्मण टीम के साथ रहेंगे। वहीं राहुल द्रविड़ इंग्लैंड में मुख्यकोच के तौर पर टीम पर साथ रहेंगे। आयरलैंड दौरे के बाद भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। यह सीरीज जुलाई में होने की संभावना है और इसमें भारतीय टीम को तीन एकदिवसीय और पांच टी20 मैच खेलने हैं।

**भारतीय क्रिकेट टीम का टी20 विश्व कप 2022 तक का कार्यक्रम इस प्रकार है :**

- भारत और दक्षिण अफ्रीका - जून (5 टी20)
- भारत का आयरलैंड दौरा- जून (2 टी20 )
- भारत का इंग्लैंड दौरा- जून/जुलाई (1 टेस्ट, 3 एकदिवसीय और 3 टी20)
- भारत का वेस्टइंडीज दौरा- जुलाई/अगस्त (3 एकदिवसीय, 5 टी20)
- भारत का श्रीलंका दौरा- अगस्त (2 टी20)
- एशिया कप 2022- अगस्त/सितंबर
- भारत और ऑस्ट्रेलिया- सितंबर (3 टी20)
- टी20 विश्वकप2022- अक्टूबर/नवंबर।

# इलावेनिल , रमिता और श्रेया ने टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीता



**नई दिल्ली ।** भारत की इलावेनिल वालारिवान, रमिता और श्रेया अग्रवाल ने अजरबैजान में जारी आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी में महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। इलावेनिल , रमिता और श्रेया ने डेनमार्क की अन्ना नीलसन, एम्मा कोच और रिक्के माएंग इबसेन को 17-5 से हराया। वहीं पोलैंड को कांस्य पदक मिला। दुनिया की पूर्व नंबर एक निशानेबाज इलावेनिल , रमिता और श्रेया दो दौर के क्वालीफिकेशन के बाद फाइनल में पहुंची थी। पहले क्वालीफिकेशन में उन्होंने 944.4 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया था जबकि दूसरे क्वालीफिकेशन में वह दूसरे स्थान पर रही थी , डेनमार्क पहले स्थान पर रही। वहीं दूसरी ओर पुरूषों की एयर राइफल टीम स्पर्धा में भारत के ही रूद्राक्ष पाटिल, पार्थ माखीजा और धनुष श्रीकांत को कांस्य पदक मुकाबले में क्रोएशिया के हाथों 10-16 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम को अभी पदक तालिका में पांचवां स्थान मिला है जबकि सर्बिया की नंबर नंबर एक पर बनी हुई है।



## विवाह बंधन में बंधी महिला क्रिकेटर नताली और कैथरीन

**लंदन ।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर नताली स्किवर और कैथरीन ब्रंट शादी के बंधन में बंध गईं हैं। इंग्लैंड की विश्वकप विजेता टीम का हिस्सा रहीं नताली और कैथरीन को इसके लिए सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने बधाई दी है। वहीं इंग्लैंड क्रिकेट ने भी इन दोनो क्रिकेटरों को बधाई दी है। इस शादी समारोह में कप्तान हीथर नाइट, डेनियल वाट, इशा गुहा और जैनी गुन सहित कई क्रिकेटर शामिल हुईं। नताली और कैथरीन दोनों ही साल 2017 में भारत को हराकर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड टीम में शामिल थीं। ये दोनों ही इस साल 2022 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में भी शामिल थीं। इसमें इंग्लैंड की टीम उप विजेता रही थी। नताली की साल 2019 में कैथरीन के साथ सगाई हुई थी पर तब कोरोना संक्रमण के कारण ये शादी नहीं कर पायीं थीं अब जबकि हालात ठीक हो गये हैं तब इन दोनो ने शादी की है।

# सचिन की सर्वश्रेष्ठ आईपीएल टीम के कप्तान बने हार्दिक , रोहित और विराट शामिल नहीं



**मुम्बई ।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने आईपीएल 2022 की अपनी सर्वश्रेष्ठ अंतिम ग्यारह में रोहित शर्मा और विराट कोहली को शामिल नहीं किया है। सचिन के अनुसार उन्होंने उन्होंने इस टीम का चयन इस सत्र के प्रदर्शन के आधार पर किया है।

सचिन ने कहा, ' इसका खिलाड़ियों के पिछले प्रदर्शन या उनके नाम और रिकार्ड से कोई मतलब नहीं है। यह पूरी तरह से इस सत्र में किये प्रदर्शन पर चयनित की गयी है।' तेंदुलकर ने अपनी इस टीम का कप्तान हार्दिक पंड्या को बनाया है क्योंकि उनकी कप्तानी में गुजरात टाइटंस टीम अपने पहले ही आईपीएल में खिताब जीती है। इस टीम में सलामी बल्लेबाज के तौर पर जोस बटलर और शिखर धवन को रखा गया है। बटलर ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए आईपीएल के 15वें सीजन में सबसे ज्यादा 863 रन बनाए जबकि धवन ने पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए 14 मैचों में 460 रन बनाये। वहीं तीसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स के लोकेश राहुल को शामिल किया है। राहुल आईपीएल के 15वें सीजन में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने 15 मैचों में 2 शतक लगाकर 616 रन बनाये। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के पंड्या को जगह मिली। पंड्या ने इस नंबर पर उतरते हुए इस सत्र में अच्छी बल्लेबाजी की थी। इसके बाद लियाम लिविंगस्टोन और दिनेश कार्तिक को रखा गया। वहीं गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह , मोहम्मद शमी तेज गेंदबाज जबकि युजवेंद्र चहल और राशिद खान स्पिनर के तौर पर रखे गये हैं।

**सचिन तेंदुकर की अंतिम ग्यारह इस प्रकार है :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), जोस बटलर, शिखर धवन, लोकेश राहुल, डेविड मिलर, लियाम लिविंगस्टोन, दिनेश कार्तिक, राशिद खान, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और युजवेंद्र चहल।

## संक्षिप्त समाचार

### नॉर्वे शतरंज : कार्लसन को हराकर चौथे स्थान पर पहुंचे आनंद

**नई दिल्ली ।** भारत के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने नॉर्वे शतरंज मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया है। आनंद ने ब्लिट्ज वर्ग में नार्वे के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को सातवें दौर में पराजित किया। वहीं आनंद को चौथे दौर में नीदरलैंड के अनीश गिरी और नौवें दौर में फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इस प्रकार ब्लिट्ज वर्ग में आनंद को पांच अंक मिले। इसमें आनंद ने नॉर्वे के आर्यन तारी को पहले दौर में हराया जबकि दूसरे दौर में वेसली सो से उनका मुकाबला बराबरी पर रहा। तीसरे दौर में उन्होंने वेसलीन टोपालोव को हराया जबकि तैमूर राजाबोव के साथ उनकी बाजी बराबरी पर रही। गिरी से हारने और चीन के हाओ वांग से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने कार्लसन को हराया पर इसके बाद शखरियार मामेदियारोव से उनका मुकाबला ड्रॉ रहा पर लाग्रेव से वह हार गए। इस दौरान अमेरिका के वेसली सो 6.5 अंक लेकर शीर्ष पर रहे जबकि 5.5 अंकर लेकर कार्लसन दूसरे स्थान पर रहे जबकि गिरी तीसरे स्थान पर रहे।

### वेस्टइंडीज के साथ एकदिवसीय श्रृंखला रावलपिंडी की जगह मुल्तान में होगी : पीसीबी

**इस्लामाबाद ।** विपक्षी राजनीतिज्ञों की विरोध रैलियों के कारण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला रावलपिंडी की जगह मुल्तान में आयोजित करने का फैसला किया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी इस्लामाबाद में विरोध रैली आयोजित करने जा रही है ऐसे में भारी भीड़ और उससे होने वाले परेशानियों को देखते हुए पीसीबी ने मुल्तान को विकल्प के तौर पर रखा और कहा कि 8, 10 और 12 जून को होने वाले मैच अब मुल्तान में होंगे। यह श्रृंखला क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग का भी हिस्सा है। पाकिस्तान में पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच गर्मियों में हो रहे हैं। ऐसे में यह मैच शाम 4 बजे से ही खेले जाएंगे। वेस्टइंडीज की टीम 6 जून को इस्लामाबाद पहुंचेगी और उसी दिन चार्टर्ड विमान से मुल्तान पहुंचेगी। गौरतलब है कि पिछले साल एकदिवसीय श्रृंखला नहीं हो सकी थी क्योंकि टीम में कोरोना संक्रमण के मामले आने के बाद इंडीज टीम को वापस लौटना पड़ा था।

### भविष्य में नये कप्तान के लिए हार्दिक सबसे बेहतर : वान

**लंदन ।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने पहले ही आईपीएल में गुजरात टाइटंस को खिताब जिताने वाले टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की जमकर प्रशंसा की है। हार्दिक ने अपनी कप्तानी में गुजरात टाइटंस को पहली बार में ही आईपीएल विजेता बना दिया। इस दौरान हार्दिक ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी के साथ ही अपनी कप्तानी क्षमता भी दिखायी। वॉन ने ट्वीट किया, ''नई फ्रेंचाइजी की शानदार उपलब्धि , ऐसे में अगर भारत को अगले कुछ वर्षों में नए कप्तान की जरूरत होगी तो मैं पंड्या के अलावा किसी और का नाम नहीं लूंगा।'' इससे पहले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भी हार्दिक के नेतृत्व कौशल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें भविष्य में भारतीय टीम का कप्तान बनाया जाना चाहिये। गुजरात टीम के बल्लेबाजी कोच गैरी कर्स्टन भी हार्दिक से प्रभावित हैं। इस आलॅराउंडर ने इस सत्र में 487 रन बनाने के अलावा आठ विकेट भी लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है।

# फ्रेंच ओपन : बोपन्ना पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे




**पेरिस ।** भारत के रोहन बोपन्ना पहली बार फ्रेंच ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। बोपन्ना ने नीदरलैंड्स के अपने जोड़ीदार मैटवे मिडेलकोप के साथ युगल मुकाबले के सेमीफाइनल में पहुंचकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बोपन्ना और मिडेलकोप की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में लॉयड ग्लासपूल और हेनरी हेलियोवारा की जोड़ी को 4-6, 6-4, 7-6 से हराया। अब सेमीफाइनल में बोपन्ना और मिडेलकोप की जोड़ी का मुकाबला 12वीं वरीयता प्राप्त मार्सेलो अरेवालो और जीन जूलियन रोजर की जोड़ी से होगा। बोपन्ना सात साल बाद किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले साल 2015 में उन्होंने विंबलडन में अंतिम चार में स्थान बनाया था। ग्लासपूल और हेलियोवारा की जोड़ी ने इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला सेट 6-4 से जीता पर इसके बाद बोपन्ना और मिडेलकोप की जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए अगले दोनों सेट 6-4, 76 से जीते। वहीं एक अन्य मुकाबले में विश्व के दूसरे वरीयता प्राप्त रुसी खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव हार के साथ ही फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए हैं।

मेदवेदेव को विश्व के 23वें नंबर के खिलाड़ी क्रोएशिया के मारिन सिलिक ने सीधे सेटों में 6-2 6-3 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। यह मुकाबला एक घंटा 45 मिनट तक चला। अब सिलिक फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।

## सरवन ने वेस्टइंडीज क्रिकेट के चयनकर्ता पद से इस्तीफा दिया

**जमैका ।** वेस्टइंडीज क्रिकेट में मतभेद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब टीम के पूर्व कप्तान रामनरेश सरवन ने पुरुष सीनियर और जूनियर टीम के चयनकर्ता पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। सरवन ने हालांकि अपने इस्तीफे के पीछे निजी कारण बताये हैं पर अचानक ही उनके पद छोड़ने से सवाल उठने लाजिमी हैं। सरवन का कार्यकाल साल 2024 तक था। उन्होंने पांच माह पहले ही चयनकर्ता पद संभाला था। वहीं वेस्टइंडीज बोर्ड ने सरवन का इस्तीफा स्वीकार करते हुए अंतरिम तौर पर रॉबर्ट हेंस को चयनकर्ता बनाया है। . हेंस इस समय जूनियर पैनल की चयनसमिति के सदस्य हैं। वहीं पूर्व बल्लेबाज डेसमंड हेंस सीनियर पुरुष टीम के मौजूदा चयन पैनल के प्रमुख हैं। टीम के मुख्य कोच फिल सिमंस हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज के निदेशक जिमी एडम्स ने सरवन के इस्तीफे पर निराश व्यक्त करते हुए कहा कि वेस्टइंडीज क्रिकेट में उनका अहम योगदान रहा है। एडम्स ने कहा, 'क्रिकेट में उनके लंबे अनुभव को देखते हुए हम निराश हैं कि सरवन चयनकर्ता की भूमिका को जारी नहीं रखना चाहते। हमने इसके कारणों को समझकर उनके इस्तीफे को स्वीकार किया है। हम उनके योगदान के लिए आभारी हैं।'



## फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में स्वियातेक और पेगुला में होगा मुकाबला

**पेरिस ।** विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक फ्रेंच ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। स्वियातेक ने मैच में शानदार वापसी करते हुए चीन की झेंग किंवेन को 6–7, 6–0, 6–2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। अब इस खिलाड़ी का सामना क्वार्टर फाइनल में 11वीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा पेगुला ने एक अन्य मुकाबले में रोमानिया की इरिना कामेलिया बेगु को 4–6, 6–2, 6–3 से हराया था। वहीं एक अन्य क्वार्टर फाइनल में रूस की दारिया कासात्किना का मुकाबला वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा। इसके अलावा अमेरिका की कोको गॉ अपने ही देश की स्लोएने स्टीफेंस का सामना करेंगी जबकि कनाडा की लैला फर्नांडिज अब इटली की मार्तिना ट्रेविसान से खेलेंगी।

# बावूमा की कप्तानी में गुरुवार को भारत पहुंचेगी दक्षिण अफ्रीकी टीम



**मुम्बई ।** टेंबा बावूमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीकी टीम गुरुवार को भारत दौरे पर पहुंचेगी। दक्षिण अफ्रीकी टीम अपने इस दौरे में 5 मैचों की घरेलू टी20 सीरीज खेलेगी। यह सीरीज 9 जून से शुरु होगी ओर इसके लिए भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों को 5 जून तक नई दिल्ली पहुंचना होगा। दोनो ही टीमों के बीच सीरीज का पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 9 जून को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की थी। इस दौरे में भारतीय टीम की कप्तानी युवा लोकेश राहुल को सौंपी गयी है जबकि उप कप्तानी की जिम्मेदारी विकेटकीपर ऋषभ पंत को मिली है। . सीरीज का दूसरा टी20 मैच 12 जून को कटक में जबकि तीसरा विशाखापत्तनम में 14 जून को खेला जाएगा। चौथा टी20 17 जून को राजकोट में वहीं सीरीज का पांचवां और आखिरी टी20 19 जून को बैंगलोर में खेला जाएगा।

**भारतीय टीम:** लोकेश राहुल (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (उप कप्तान/विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक।

**दक्षिण अफ्रीकी टीम:** टेंबा बावूमा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, रीज हेंड्रिक्स, हेनरिच क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, लुंबी एंगिडी, एनरिच नोर्खिया, वेन पार्नेल, ड्वेन प्रिटोरियस, कगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टियन स्टब्स, रासी वान डेर डुसन और मार्को यानसेन।


पेरिस में फ्रैंच ओपन टेनिस के महिला एकल में खेलती हुई जेंग क्वीनविन।




# लॉग टर्म कोर्स की बजाय रोजगार पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं आज के युवा

**नौकरी तलाश करने वालों के लिए ये जो अनिष्ट ठहराव आया है, संभवत: उनके लिए एक नया रास्ता खोल दिया है, जब वे कुछ नया सीख सकते हैं और अपनी प्रक्षेत्र विशेषज्ञता को बढ़ा सकते हैं।**

एक ऑनलाइन शैक्षिक कंपनी, टलेंटेज और मार्किट रिसर्च एजेंसी के एक ताजा सर्वे के अनुसार भविष्य में लंबी अवधि के कॅरियर की योजना बनाना संभव नहीं होगा, क्योंकि विकास की गति जॉब मार्केट में बढ़ रही है और युवाओं को लगातार समय की मांग के मुताबिक खुद को ऐसे परिवेश में ढालना बेहद जरूरी होगा। वहीं इससे पहले किये गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक आधा से ज्यादा नौकरी तलाश करने वालों ने लंबी अवधि के कॅरियर के उचित अवसर और विकास के लिए अपने कौशल को बढ़ाने के लिए लॉकडाउन अवधि का उपयोग किया। नौकरी तलाश करने वालों के लिए ये जो अनिष्ट ठहराव आया है, संभवत : उनके लिए एक नया रास्ता खोल दिया है, जब वे कुछ नया सीख सकते हैं और अपनी प्रक्षेत्र विशेषज्ञता को बढ़ा सकते हैं। डेटा साइंस और एनालिटिक्स कोर्स (22 प्रतिशत), इसके बाद डिजिटल मार्केटिंग (20 प्रतिशत), और वित्त और जोखिम प्रबंधन (16 प्रतिशत) शीर्ष पाठ्यक्रमों में से थे जो नौकरी ढूढ़ने वालों द्वारा चुने गए थे।

## गेजिंग इन टू द फ्यूचर

यंग इंडिया, देयर एस्पिरेशंस एंड कॅरियर चॉइस के एक सर्वेक्षण के अनुसार, अल्पकालिक पेशेवर योजना ही एक सही रास्ता है। उत्तरदाताओं ने कहा कि वे तेजी से एक 'नौकरी' के बारे में सोचेंगे और 'कॅरियर' नहीं, क्योंकि उनके आसपास की चीजें तेजी से बदल रही हैं और वे अगले पांच वर्षों में भी ऐसे जीवन कॅरियर की कल्पना नहीं कर सकते हैं जब बहुत सारे वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के होते हुए भी शायद ही कुछ ऐसे होंगे जो एक उचित परिपेक्ष्य में, अनुकूल और लाभप्रद रोजगार दे सकेंगे। टलेंटेज ने 20,000 छात्रों में से ऐसे उत्तरदाताओं की पहचान की है जिन्होंने इस संस्था में पिछले वर्ष नामांकन किया था, उनमें से 60 उत्तरदाताओं ने इस सर्वे में भाग लेने के लिए फाइनल कट दिया है। सर्वेक्षण पर आधारित यह अध्ययन लगभग पांच वर्षों तक किया गया, जिसमें से मानव संसाधन प्रमुखों, सीएक्सओ, कॅरियर काउंसलर और समाजशास्त्रियों के उत्कृष्ट विचारों को संज्ञान में लिया गया, ताकि इस उभरते हुए झुकाव की विस्तृत तस्वीर सामने आ सके और उम्मीदवारों को सही मार्गदर्शन मिल सके। टलेंटेज के आदित्य मालिक ने एक बिजनेस समाचार पत्र में दिए गए एक वक्तव्य में बताया कि 29 साल की औसत आयु के साथ भारत 2026 तक दुनिया का सबसे युवा देश होगा। उन्होंने बताया की वो युवा भारतीयों के विचारों को, उनके कॅरियर के विकल्पों की संभावनाओं को और उनकी महत्वाकांक्षाओं के बारे में समझना चाहते थे। अध्ययन में पाया गया कि डिग्रियों का कम्पित अधिग्रहण कॅरियर का एक नया मापदंड होगा, जैसा कि उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्हें क्रियाशील व व्यावहारिक तजुर्बों से सीखना होगा और जरूरत पड़ने पर और अधिक डिग्री हासिल करनी होगी। विशेषज्ञों ने इस सर्वेक्षण पर विचार विमर्श किया और पाया की शिक्षा सिर्फ एक बार का मामला नहीं होगा बल्कि एक सतत प्रक्रिया होगी जिसमें युवा जैसे जैसे आगे बढ़ते जायेंगे, डिग्रियां हासिल करते रहेंगे। आदित्य मालिक ने आगे बताया कि कॉर्पोरेट दुनिया के साथ बढ़ती निराशा युवाओं के जूनून को काम में परिवर्तित करने में उन्हें आगे ले जाएगी। लीक से हटकर बढ़ते हुए पाठ्यक्रमों ने नए कॅरियर को पंख दे दिए हैं। और आज के युवा भी शायद इसे ही ज्यादा महत्त्व दे रहे हैं और अपना रुझान भी इसी पर केंद्रित कर रहे हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि उद्यमिता, रचनात्मकता और नवाचार के लिए आज एक बहुत बड़ा स्कोप खुल गया है, यह स्वीकार करते हुए कि वे इस बात को लेकर निश्चित नहीं थे कि यह कितना आकर्षक होगा, क्योंकि इसके लिए बहुत अधिक प्रयास और परिश्रम की आवश्यकता होती है। तो अगर आप एक युवा हैं और अपने कॅरियर को लेकर गंभीर हैं तो शायद आप अच्छी तरह से समझ गए होंगे कि शार्टटर्म का कोई मनचाहा कोर्स आपको सही दिशा में ले जायेगा या फिर कोई लॉन्गटर्म वाला कोर्स।





# जीवाश्म विज्ञानी के रूप में तलाशें रोजगार की संभावनाएं

**एक जीवाश्म विज्ञानी जीवाश्मों अर्थात प्राचीन जीवों के अवशेषों का अध्ययन करते हैं ताकि पृथ्वी या प्रागैतिहासिक जीवन पर पिछले जीवन की पड़ताल की जा सके। यह छोटे बैक्टीरिया से लेकर विशालकाय डायनासोर तक हैं, ये जीवाश्म एक अरब वर्ष पुराने भी हो सकते हैं।**

पृथ्वी पर जीवन की शुरूआत लाखों-करोड़ों साल पहले ही हो गई है। ऐसे कई जीव व जानवर हैं, जो सालों पूर्व धरती पर मौजूद थे, लेकिन अब वह विलुप्त हो चुके हैं। लेकिन उनके जीवाश्म की मदद से पृथ्वी पर जीवन के इतिहास के अध्ययन को ही पेलियोन्टोलॉजी कहा जाता है। यह जीवाश्मों के अध्ययन के माध्यम से पृथ्वी पर पिछले जीवन की जांच है। जीवाश्म पौधों, जानवरों, कवक, बैक्टीरिया और अन्य एकल-कोशिका वाले जीवित जीवों के अवशेष या निशान हैं जो भूवैज्ञानिक अतीत में रहते थे और पृथ्वी की क्रस्ट में संरक्षित हैं। आमतौर पर यह माना जाता है कि पेलियोन्टोलॉजिस्ट सिर्फ डायनासोर का अध्ययन करते हैं, जबकि यह सच नहीं है। बल्कि यह जीवाश्मों की मदद से पृथ्वी पर जीवित चीजों की पूरी प्रजातियों का अध्ययन है। तो चलिए जानते हैं कि इस क्षेत्र में कैसे बनाएं करियर

## क्या होता है काम

एक जीवाश्म विज्ञानी जीवाश्मों अर्थात प्राचीन जीवों के अवशेषों का अध्ययन करते हैं ताकि पृथ्वी या प्रागैतिहासिक जीवन पर पिछले जीवन की पड़ताल की जा सके। यह छोटे बैक्टीरिया से लेकर विशालकाय डायनासोर तक हैं, ये जीवाश्म एक अरब वर्ष पुराने भी हो सकते हैं। वे प्रागैतिहासिक जीवन रूपों और जीवाश्मों की परीक्षा के माध्यम से पौधे और पशु जीवन के विकास पर शोध करते हैं। वे विलुप्त प्रजातियों के बारे में जानने के लिए जानवरों की हड्डियों, गोले और कास्ट का उपयोग करते हैं। साथ ही वह जीवाश्मों का पता लगाने और जीवाश्मों के बारे में प्रासंगिक तथ्यों की पहचान करने के लिए विभिन्न वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग करते हैं। उनके कार्यक्षेत्र में जीवाश्मों का पता लगाना और उनकी खुदाई करना, निष्कर्षों की पहचान, अनुसंधान और उन्हें साझाकरण करना शामिल है।

## पर्सनल स्किल्स

पेलियोन्टोलॉजिस्ट को कंप्यूटर की अच्छी जानकारी होनी चाहिए और सांख्यिकीय विश्लेषण में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा उसमें मौखिक और लिखित संचार कौशल भी होने चाहिए, क्योंकि उन्हें पेशेवरों की एक टीम के साथ काम करना होता है।

पैलियोन्टोलॉजिस्ट के पास उच्च जिज्ञासा स्तर और इमेजिनेशन पावर होनी चाहिए। उन्हें तार्किक और गंभीर रूप से सोचने में सक्षम होना चाहिए, जिज्ञासु और अत्यंत विश्लेषणात्मक होना चाहिए, और एकत्रित डेटा या जानकारी से निष्कर्ष निकालने की क्षमता भी इस क्षेत्र के लिए बेहद जरूरी है। चूंकि जीवाश्म विज्ञान एक कठिन काम है, जिसमें जीवाश्मों को खोजने और खुदाई करने के लिए बहुत से बाहरी काम करने की आवश्यकता होती है, एक इच्छुक व्यक्ति को धैर्यपूर्ण होना चाहिए।

## योग्यता

पैलियोन्टोलॉजी एक विज्ञान से संबंधित लेकिन व्यापक क्षेत्र है। इसलिए एक जीवाश्म विज्ञानी को भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और भूविज्ञान को जानना आवश्यक है। जीवाश्म विज्ञान में अधिकांश प्रवेश स्तर के पदों के लिए भूविज्ञान या पृथ्वी विज्ञान में मास्टर डिग्री की आवश्यकता होती है। वहीं रिसर्च और कॉलेज टीचिंग के लिए पीएचड़ी होना आवश्यक है। कई भाषाओं का ज्ञान इस क्षेत्र के लिए एक अतिरिक्त लाभ है।

## रोजगार की संभावनाएं

एक पेलियोन्टोलॉजिस्ट के रूप में आप कॉलेजों और विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थान, संग्रहालयों, या राज्य और संघीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षणों, प्रयोगशालाओं आदि में काम कर सकते हैं। जीवाश्म विज्ञानी सार्वजनिक व निजी दोनों ही क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं तलाश सकते हैं।

## आमदनी

एक जीवाश्म विज्ञानी की आमदनी उनके शिक्षा के स्तर, अनुभव व जहां पर वे काम करते हैं, उस पर निर्भर करती है। निजी क्षेत्र में आपकी योग्यता व अनुभव के आधार पर अच्छा वेतन मिलता है। शुरूआती रूप में एक जीवाश्म विज्ञानी 15000 से 25000 रूपए प्रतिमाह आसानी से कमा सकता है। इसके बाद आपके अनुभव के आधार पर आमदनी बढ़ती जाती है।

## प्रमुख संस्थान

भारत में केवल एक संस्थान जीवाश्म विज्ञान में एक पाठ्यक्रम प्रदान करता है और यह हैदराबाद के बंडलागुडा में स्थित जिओलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया है।



# अलग-अलग भाषाओं के साथ लैक्सोग्राफी में बना सकते हैं कॅरियर

**एक लेक्सोग्राफर को संबंधित भाषा का गहरा ज्ञान होना चाहिए। अंग्रेजी पर उनकी पकड़ काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही विभिन्न भाषाओं को जानने की जिज्ञासा, पढ़ने की आदत, अनुसंधान और विश्लेषणात्मक कौशल, टीम वर्क और लिखित संचार कौशल, प्रभावी समय प्रबंधन और संगठनात्मक कौशल हैं।**

वर्तमान समय में, छात्रों के लिए संभावनाओं का एक खुला आसमान है, जहां पर वह विचरण करके एक सुखद व सफल भविष्य बना सकते हैं। ऐसा ही एक क्षेत्र है लेक्सोग्राफी। हो सकता है कि आपके लिए यह शब्द नया हो, लेकिन हम आपको बता दें कि शब्दकोश प्रारूप में 'शब्द' लिखने की कला को लेक्सोग्राफी कहते हैं। लैंग्वेंज स्टडी के इतिहास में इसका एक अहम् स्थान है। जिसमें शब्दकोश निर्माण के दौरान इतिहास, थ्योरी, मैथडोलॉजी और टाइपोलॉजी शामिल है। अगर आप भी अलग-अलग भाषाओं के साथ अपना भविष्य देखते हैं तो आप लैक्सोग्राफी के क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं। तो चलिए जानते हैं कि इस क्षेत्र में कैसे बनाएं अपना कॅरियर-

## क्या होता है काम

लेक्सोग्राफर एक प्रोफेशनल भाषाविद् होते हैं, जो डिक्शनरी, एनसाइक्लोपीडिया व अन्य रेफरेंस टेक्स्ट जैसे लॉ और मेडिकल डिक्शनरी बनाने के लिए रिसर्च, लेखन, संकलन व संपादन करते हैं। आमतौर पर, लेक्सोग्राफी को दो शाखाओं में विभाजित किया गया है, पहला प्रैक्टिकल लेक्सोग्राफी और दूसरा सैद्धांतिक लेक्सोग्राफी। प्रैक्टिकल लेक्सोग्राफी में शब्दकोशों का संकलन, लेखन और संपादन की प्रक्रिया शामिल है। वहीं सैद्धांतिक लेक्सोग्राफी में लैंग्वेंज की स्टडी और इसकी शब्दावली के अध्ययन पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। इस प्रकार अगर देखा जाए तो एक लेक्सोग्राफर का काम सिर्फ परिभाषाएं लिखना ही नहीं होता, बल्कि सही लोगों के लिए सही परिभाषा लिखना होता है।

**पर्सनल स्किल्स** – एक लेक्सोग्राफर को संबंधित भाषा का गहरा ज्ञान होना चाहिए। अंग्रेजी पर उनकी पकड़ काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही विभिन्न भाषाओं को जानने की जिज्ञासा, पढ़ने की आदत, अनुसंधान और विश्लेषणात्मक कौशल, टीम वर्क और लिखित संचार कौशल, प्रभावी समय प्रबंधन और संगठनात्मक कौशल हैं। इसके अलावा आपको ग्रामाटिकल और कम्प्यूटेशनल भाषा का भी अच्छा ज्ञान होना चाहिए। एक बेहतरीन क्रिटिकल थिंकिंग, ओपन-मांइडेड, व हर छोटी बातों पर गहरी नजर होनी चाहिए। लेक्सोग्राफी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें आपको कड़ी मेहनत और पूर्ण रूप से जिम्मेदारी निभाना आना चाहिए।

**शैक्षणिक योग्यता** – इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों को अंग्रेजी या किसी अन्य संबंधित भाषा में मास्टर या डॉक्टरेट की डिग्री होना आवश्यक है। वर्तमान में देश में ऐसे कई विश्वविद्यालय हैं, जो विभिन्न भाषाओं जैसे अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, तमिल, पंजाबी आदि में लेक्सोग्राफी पाठ्यक्रम संचालित करते हैं।

**संभावनाएं** – लेक्सोग्राफर कई पब्लिशिंग हाउस के लिए काम करते हैं। वह अपना कॅरियर असिसटेंट एडिटर या फिर जूनियर एडिटोरियल असिसटेंट के तौर पर शुरू कर सकते हैं। कुछ अनुभव प्राप्त करने के बाद आप बतौर लेक्सोग्राफर काम कर सकते हैं।

**आमदनी** – यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें लोग सैलरी के लिए नहीं, बल्कि अपनी खुशी के लिए काम करते हैं। एक पब्लिशिंग हाउस में काम करने वाले लेक्सोग्राफर 15000 से 20000 रूपए प्रतिमाह कमा सकते हैं। वैसे कई लेक्सोग्राफर एक फ्रीलांसर के तौर पर काम करते हैं और इस तरह वह हर प्रोजेक्ट के लिए चार्ज करते हैं।

## प्रमुख संस्थान

- डेक्कन संस्थान, पुणे
- पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला
- मद्रास विश्वविद्यालय केरल विश्वविद्यालय, केरल
- भारथिअर यूनिवर्सिटी, कोयंबटूर




# डॉक्टर बनने के लिए जरूरी है नीट परीक्षा ऐसे करें तैयारी

**नीट परीक्षा की योग्यता की बात करें तो 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी सब्जेक्ट के साथ मिनिमम 50 परसेंट मार्क होना अनिवार्य है। इसके अलावा आवेदक की कम से कम 17 वर्ष की उम्र होना चाहिए।**

नीट मतलब नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट! यह परीक्षा देशभर में मेडिकल कॉलेजेज में एडमिशन लेने के लिए आयोजित की जाती है। 12वीं के बाद अगर आप भी डॉक्टर बनना चाहते हैं और इससे संबंधित एमबीबीएस अथवा बीडीएस की पढ़ाई करना चाहते हैं तो आप को इस नीट का एग्जाम देना ही पड़ेगा। बता दें कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए द्वारा इसके लिए एंट्रेंस एग्जामिनेशन प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। इस परीक्षा की योग्यता की बात करें तो 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी सब्जेक्ट के साथ मिनिमम 50 परसेंट मार्क होना अनिवार्य है। इसके अलावा आवेदक की कम से कम 17 वर्ष की उम्र होना चाहिए।

जान लें कि अगर आपने 12वीं की पढ़ाई ठीक ढंग से की है, खासकर बायोलॉजी, फिजिक्स व केमिस्ट्री में, तो आप इस परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त कर सकते हैं, किंतु ध्यान रखने वाली बात यह है कि यह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली एकमात्र मेडिकल परीक्षा है। अत : कंपटीशन बेहद कठोर होता है। अत : मुश्किल तो होगी, किन्तु यह नामुमकिन कतई नहीं है! परीक्षा के माध्यम की बात करें तो हिंदी और अंग्रेजी में इसके प्रश्न दिए जाते हैं। अगर आप इस परीक्षा में पास हो जाते हैं तो ऑनलाइन इसकी काउंसलिंग होती है और नेशनल लेवल के अलावा स्टेट लेवल पर भी इसकी काउंसलिंग कंडक्ट की जाती है। इसमें अलग-अलग कैटेगरी के हिसाब से सीटों को आवंटित किया जाता है। एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट पर इसकी दूसरी कई जानकारियां आपको मिल जाएंगी। यहां तक कि आप मॉक टेस्ट का पेपर भी यहाँ से डाउनलोड कर सकते हैं और उस हिसाब से अपनी तैयारी को धार दे सकते हैं। कॅरियर एक्सपर्ट्स तैयारी के लिए सलाह देते हैं कि आपको काफी पहले से इस पर ध्यान देना होता है, किंतु जिस स्तर का टफ एग्जामिनेशन होता है, उसे देखते हुए आपको अंतिम के तकरीबन 2 महीने बेहद सटीकता से रिवीजन पर बिताना होगा। इसके लिए आपको न केवल स्ट्रेस से बचना होगा, बल्कि बेहतरीन तैयारी के लिए पूरी शेड्यूलिंग करके अलग-अलग सब्जेक्ट पर ध्यान देना होगा। ध्यान रहे! यह कोई साधारण एग्जामिनेशन नहीं है, इसलिए आप भिन्न एक्सपर्ट्स से मार्गदर्शन लेने में संकोच ना करें। इसमें पिछले वर्ष के टॉपर्स का इंटरव्यू आपको मिल जाएगा, जिसे आपको पढना-सुनना चाहिए। इसी प्रकार से जो दूसरे एक्सपर्ट्स हैं, उनकी राय भी आपको काफी लाभ पहुंचा सकती है। किन्तु अंत में आपका डिसिप्लिन और बेहतरीन रिवीजन के साथ मॉक टेस्ट पेपर अधिक से अधिक बार सॉल्व करना आप के लिए सबसे मददगार साबित हो सकता है। कंप्रिहेंसिव रिवीजन इसमें काफी फायदेमंद साबित होता है। इसके लिए आपको एनसीआरटी बुक्स का गहराई से अध्ययन करना चाहिए। अंत में आपको संपूर्ण सिलेबस पर ध्यान देना होता है और सिलेक्टिव टॉपिक्स को स्टडी करने से बचना है। आपको सम्पूर्ण कोर्स के अधिक से अधिक हिस्सों को, कम से कम समय में कवर करने की कोशिश करनी चाहिए। ध्यान रहे, इसका कोई शॉर्टकट नहीं है, बल्कि कड़ी मेहनत ही आपको इसमें इक्षित परिणाम दे सकती है।



## भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति विशिष्ट नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति को उनके शानदार करियर और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए 'विशिष्ट नेतृत्व' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इलिनोइस के मंत्री जेसी



व्हाइट ने 48 वर्षीय डेमोक्रेटिक नेता कृष्णमूर्ति को पुरस्कार प्रदान किया, जो 2017 से इलिनोइस के आठवें संसदीय जिले के लिए अमेरिकी प्रतिनिधि के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। व्हाइट ने पिछले सप्ताह कृष्णमूर्ति को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा, ''आपके शानदार करियर और जनसेवा के प्रति आपके समर्पण को सम्मानित करते हुए मैं आपको अपनी तरह की एक अनूठी व्यक्तिगत लाइसेंस तख्ती पेश करता हूं = 'राजा'।''उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि यह इस प्रांत और हमारे देश के लिए आपकी असाधारण सेवाओं के प्रति हमारे आभार का आपको स्मरण कराती रहेगी। 'विशिष्ट नेतृत्व पुरस्कार' जीतने पर आपको फिर से बधाई।'' कृष्णमूर्ति ने कहा कि व्हाइट जैसे बहुआयामी व्यक्तित्व वाले व्यक्ति से नेतृत्व के लिए पुरस्कार प्राप्त करना वास्तव में सम्मान की बात है। कृष्णमूर्ति का नयी दिल्ली में एक तमिल भाषी परिवार में जन्म हुआ था। जब वह तीन महीने के थे, तब उनका परिवार अमेरिका में जा बसा था।

## जॉनसन की पार्टी के भीतर पार्टीगेट को लेकर बगावती सुर उठे

**लंदन।** ब्रिटेन की सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के भीतर संसद के उन सदस्यों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है, जिन्होंने पार्टीगेट कांड के लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है और पार्टी के नेता बोरिस जॉनसन से प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग कर रहे हैं।डाउनिंग स्ट्रीट में कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लगाए लॉकडाउन संबंधी कानूनों को तोड़ते हुए पार्टियां करने के मामले गत सप्ताह एक शीर्ष नौकरशाह स्यु ग्रे की जांच रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद से खुलकर आलोचना करने वाले सांसदों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गयी है।

ब्रिटेन के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अटॉर्नी जनरल जेरेमी राइट ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जॉनसन को ''इस और भविष्य की सरकारों के भले के लिए'' इस्तीफा दे देना चाहिए।

वहीं, टोरी से सांसद इलियट कोल्बर्न ने कहा कि वह ''सुरक्षा और सफाई कर्मचारियों के खराब बर्ताव के खुलासे से स्तब्ध हैं।'' ग्रे की रिपोर्ट के बाद जॉनसन ने फिर से माफी मांगी और उनकी पार्टी के भीतर ही अंसतोष की आवाज तेज हो रही है।

यह खबरें तब आ रही है जब ब्रिटिश मीडिया की खबरों में दावा किया गया है कि जॉनसन की पत्नी कैरी के प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर डाउनिंग स्ट्रीट के फ्लैट में एक अन्य गोपनीय पार्टी के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए हाउस ऑफ कॉमन्स समिति के समक्ष पेश होने की संभावना है।

## यूक्रेन में गोलाबारी में फ्रांस के पत्रकार की मौत

**पेरिस।** फ्रांस के समाचार प्रसारक 'बीएफएम टीवी' ने कहा है कि पूर्वी यूक्रेन में निकासी अभियान को कवर करते समय गोलाबारी में उसके 32 वर्षीय एक पत्रकार की मौत हो गई।'बीएफएम टीवी' ने कहा है कि उसके पत्रकार फ्रेडरिक लेकलेर्क इमहोफ की उस समय मौत हो गई जब वह डोनबास क्षेत्र में सिविएरोदोनेत्सक शहर के पास एक बख्तरबंद वाहन में मानवीय अभियान को कवर कर रहे थे। इस क्षेत्र में यूक्रेन की सेना और रूसी सैनिकों के बीच भीषण जंग जारी है।

पत्रकार फ्रांस के नागरिक थे और पिछले छह साल से चैनल के लिए काम कर रहे थे। फ्रांस के राष्टपति एमैनुअल मैक्रों ने ट्वीट कर पत्रकार इमहोफ को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। मैक्रों ने ट्वीट में कहा कि इमहोफ युद्ध की हकीकत दिखाने के लिए यूक्रेन में थे।

उन्होंने कहा कि लोगों की निकासी के दौरान रूसी सेना की बमबारी के बीच वह हमले के शिकार हुए। फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने हमले में पत्रकार की मौत को 'बेहद दुखद' करार दिया।उन्होंने कहा, ''फ्रांस मांग करता है कि इस त्रासदी के हालात पर प्रकाश डालने के लिए जल्द से जल्द एक पारदर्शी जांच शुरू की जाए।'' इससे पहले, लुहांस्क क्षेत्र के गवर्नर सरहेई हैदई ने टेलीग्राम पोस्ट के जरिए हमले में पत्रकार की मौत की जानकारी दी।

# ब्रिटिश मंत्री ऋषि सुनक की अरबपति पत्नी अक्षता मूर्ति ने बनाए दुनिया के सुपर-अमीरों से व्यापारिक संबंध

**दुनिया ।** यूके के चांसलर ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति (Akshata Murty) ने अपनी निजी निवेश फर्म, कैटामारन वेंचर्स यूके (Catamaran Ventures UK) के माध्यम से दुनिया के कुछ सबसे अमीर परिवारों के साथ अच्छे संबंध विकसित किए हैं. असूचित फाइलिंग से पता चलता है कि मूर्ति का पारिवारिक कार्यालय दारा5 (daraz) का प्रारंभिक समर्थक था, जो ÷अगली पीढ़ी के वैश्विक नेताओं÷ के लिए एक निजी निवेश समुदाय था, जिसे 2019 में कतर के शासक वंश, अल-थानी परिवार के एक सदस्य द्वारा सह-स्थापित किया गया था.




ब्लूमबर्ग की खबर के अनुसार कैटमारन ने द न्यू क्राफ्ट्समेन, एक लक्जरी ब्रिटिश फर्नीचर बाज़ार में भी हिस्सेदारी हासिल कर ली है, जिसके शेयरधारकों में रूपर्ट मर्डोक की बेटी, फ्रूडेंस और अल ताजिर परिवार शामिल हैं, जो लंदन के नाइट्सब्रिज जिले में पार्क टॉवर होटल के अमीराती मालिक हैं. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, 42 वर्षीय मूर्ति, जो भारत में पैदा हुई थी और अभी भी एक भारतीय नागरिक है, उनके पिता नारायण मूर्ति द्वारा स्थापित सॉफ्टवेयर दिग्गज इंफोसिस लिमिटेड में उनकी हिस्सेदारी के कारण उनकी कुल संपत्ति लगभग 1.2 बिलियन डॉलर है. बंगलौर स्थित कंपनी के शेयरों में 2,000त्न से अधिक की वृद्धि हुई है. मूर्ति को पहली बार 2001 में एक शेयरधारक के रूप में सार्वजनिक रूप से प्रकट किया गया था.

कटमरैन वेंचर्स, बंगलौर में स्थित मूर्ति परिवार की मुख्य निवेश इकाई का नाम है. नारायण मूर्ति फर्म के अध्यक्ष हैं. भारत में इसके लगभग 15 कर्मचारी है. जो ई-स्पोर्ट्स, बीमा और एलन मस्क की स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कार्पोरेशन में फैले 1 बिलियन डॉलर से अधिक की होल्डिंग्स का कार्य देखते हैं.

अक्षता मूर्ति ने LinkedIn पर कैटामारन वेंचर्स को लंदन और बैंगलोर में स्थित एक पारिवारिक कार्यालय के रूप में वर्णित किया है, जो यूके में स्थानीय ब्रांडों पर ध्यान केंद्रित करता है. जिन्हें पूंजी, प्रबंधन विशेषज्ञता और नेटवर्क भागीदारों की आवश्यकता होती है. अक्षता मूर्ति ब्रिटिश शाखा की एकमात्र निदेशक और शेयरधारक हैं.

## क्या कोरोना की तरह वैश्विक महामारी का रूप लेगा मंकीपॉक्स? WHO ने दिया बड़ा बयान

**दुनिया ।** इस समय दुनिया के कई देशों में मंकीपॉक्स के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि क्या मंकीपॉक्स कोरोना वायरस की तरह वैश्विक महामारी का रूप लेगा। हालांकि इसको लेकर अब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बड़ी जानकारी साझा की है।

**मंकीपॉक्स के बारे में अभी बहुत कुछ जानना बाकी**

डब्ल्यूएचओ ने सोमवार को कहा कि उसे अभी इस बात की चिंता नहीं है कि अफ्रीकी देशों से परे मंकीपॉक्स एक वैश्विक महामारी को जन्म दे सकता है। मंकीपॉक्स को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की शीर्ष विशेषज्ञ ने कहा है कि उन्हें नहीं लगता यह बीमारी एक महामारी का रूप लेगी, लेकिन इसके बारे में अभी बहुत कुछ जानना बाकी है।

**समलैंगिकों को लेकर दी चेतावनी**

उन्होंने कहा कि एक सवाल यह है कि यह बीमारी वास्तव में किस तरह फैलती है और क्या दशकों पहले चेचक टीकाकरण पर रोक लगाए जाने के कारण किसी तरह इसका प्रसार तेज हो सकता है। डब्ल्यूएचओ की डॉक्टर रोजमंड लुईस ने सोमवार को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि इस बात पर जोर देना महत्वपूर्ण है कि विश्व स्तर पर दर्जनों देशों में अधिकतर समलैंगिक, उभयलिंगी या पुरुषों के साथ यौन संबंध रखने वाले पुरुष मंकीपॉक्स के शिकार हुए हैं

# India Pakistan Relation: भारत और पाकिस्तान में गतिरोध खत्म करने को पर्दे के पीछे चल रही वार्ता, जानें इसकी वजह


**इस्लामाबाद।** नई दिल्ली में भारत व पाकिस्तान के बीच सिंधु जल बंटवारे को लेकर आयोजित बैठक के बीच एक पाकिस्तानी अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि गतिरोध समाप्त करने के लिए दोनों देश पर्दे के पीछे बातचीत कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वर्षो से तनावपूर्ण रहे दोनों देशों के संबंध अगस्त 2019 में भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद काफी खराब हो गए हैं।

**पर्दे के पीछे वार्ता की शुरुआत**

दोनों देशों के राजनयिक संबंधों में कड़वाहट पैदा हो गई, द्विपक्षीय कारोबार स्थगित है और रचनात्मक वार्ताएं भी नहीं हो रही हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कार्यभार संभालने से पहले ही दोनों देशों में पर्दे के पीछे वार्ता की शुरुआत हो चुकी है।

**रास्ता तलाशने में जुटे दोनों देश**

रिपोर्ट में कहा गया है कि संपर्कों की वजह से फरवरी 2021 में युद्धविराम समझौते का नवीकरण हुआ और तब से इसके उल्लंघन की कोई बड़ी घटना



सामने नहीं आई है। हालांकि, यह प्रक्रिया दोनों देशों के बीच वार्ता की बहाली में कोई बड़ी भूमिका नहीं निभा सकी। पाकिस्तान में नई सरकार के गठन के बाद दोनों देश आधिकारिक वार्ता के लिए रास्ता तलाशने में जुट गए हैं।

**एकदूसरे के संपर्क में दोनों देश**

आधिकारिक सूत्रों ने कहा, 'इसे बैक चैनल, ट्रैक-2 या पर्दे के पीछे की वार्ता कहना उचित होगा। मैं सिर्फ इसकी पुष्टि कर सकता हूं कि दोनों देशों के संबंधित लोग संपर्क में हैं।' एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने पाकिस्तान की गठबंधन सरकार के एक वरिष्ठ सदस्य के हवाले से कहा, 'हमारी नीति स्पष्ट है। हम भारत समेत सभी देशों के साथ बातचीत व मेलजोल रखना चाहते हैं।

**व्यापारिक संबंधों की पुनर्बहाली से हो सकती है शुरुआत**

सूत्रों ने भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत शुरू करने की इस कवायद के लिए अमेरिका व ब्रिटेन जैसे पश्चिमी देशों की सिफारिशों को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि भारत पहले व्यापारिक संबंध बहाल करने में दिलचस्पी रखता है। शीर्ष तीन गेहूं उत्पादक देशों में शुमार भारत संकटग्रस्त पाकिस्तान को गेहूं निर्यात की इच्छा रखता है।

## रूसी जासूस का बड़ा खुलासा, आंखों की रोशनी खो रहे राष्ट्रपति पुतिन, जिंदगी के बचे बस 3 साल?

**दुनिया ।** एक रूसी खुफिया अधिकारी ने दावा किया है कि तेजी से बढ़ रहे कैंसर के कारण राष्टपति पुतिन की आंखों की रोशनी जा रही है। यह यूक्रेन संघर्ष के बीच रूसी राष्टपति के बिगड़ते स्वास्थ्य के बारे में अटकलों से अंदाजा लगाया जा रहा है। हालांकि, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रविवार को ऐसी सभी रिपोर्टों का खंडन किया और कहा कि ऐसी किसी भी बीमारी के कोई संकेत नहीं हैं।रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (FSB) अधिकारी का हवाला देते हुए इंडिपेंडेंट ने बताया कि 69 वर्षीय पुतिन के पास जीने के लिए केवल तीन और साल बचे हैं।इंडिपेंडेंट ने यह भी बताया कि एफएसबी अधिकारी ने पूर्व रूसी जासूस बोरिस कार्पिचकोव को एक संदेश में पुतिन के स्वास्थ्य पर कई बड़े खुलासे किए है। आपको बता दें कि बोरिस कार्पिचकोव यूके में रहते हैंDNews.com.au द्वारा जारी स्नस्क्च अधिकारी के संदेश के एक हिस्से में कहा गया है कि ÷हमें बताया गया है कि वह सिरदर्द से पीड़ित है और जब वह टीवी पर देखकर बात करते है तो उन्हें बड़े अक्षरों में लिखे गए कागज के टुकड़ों की आवश्यकता होती है ताकि वह पढ़ सके कि वह क्या कहने जा रहे है।

उनकी आखों की रोशनी गंभीर रूप से खराब हो रही है।मेट्रो और एक्सप्रेस की अन्य मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पुतिन के अंग अनियंत्रित कांपते हैं।रूसी विदेश मंत्री, सर्गेई लावरोव ने पुतिन के स्वास्थ्य के बारे में प्रसारित होने वाली रिपोर्टों का पूरी तरह से खंडन किया। रूसी मंत्री ने फ्रांस के प्रसारक ञ्जस्न1 के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, ÷मुझे नहीं लगता कि कोई भी समझदार व्यक्ति पुतिन में किसी तरह की बीमारी या बीमारी के लक्षण देख सकता हैं।÷लावरोव ने कहा कि रूसी राष्टपति, जो अक्टूबर में 70 वर्ष के होने वाले हैं, हर दिन सार्वजनिक रूप से दिखाई देते हैं।

# पाकिस्तान में बदतर हुए हालात, भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत से जूझ रही देश की जनता



**इस्लामाबाद।** इस वक्त पाकिस्तान संकटों से घिरा है। सिंध समेत देश के कई हिस्सों में रहने वाले लोगों को भीषण गर्मी से जूझना पड़ रहा है। यहां का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। इसके साथ ही पानी की किल्लत से स्थिति और बदतर हो रही है। यहां न तो पीने का पानी है ओर न ही खेत में फसलों के लिए पानी मिल पा रहा है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि जून में भी गर्मी की यही दशा रहेगी। यदि यही हाल बना रहा तो इस बार देश में फसल अच्छी नहीं होगी और खाने के पाकिस्तान के दक्षिण सिंध प्रांत का किसान खालिद बक्स ने अपनी चिंता जाहिर की।दरअसल उन्होंने खेत में गन्ने और रुई की फसल लगाई है जो पानी न होने के कारण सूखने की कगार पर है। उन्होंने बताया, 'पिछले साल भी पानी की किल्लत के कारण फसल उतनी अच्छी नहीं हुई जितनी उम्मीद थी। लेकिन इस बार पानी का संकट काफी अधिक है। नहर सूख रहे हैं, और हमारे पास कोई ऐसा संसाधन नहीं हैं कि हम अपनी फसलों में पानी दे सकें।' यदि हालात ऐसे ही रहे तो स्थानीय किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा।'न्यूज एजेंसी सिन्हुआ से बातचीत में सिंध के मुख्यमंत्री के सलाहकार मंजूर वासन (Manzoor Wassan) ने कहा कि पानी की कमी से करीब-करीब अधिकांश फसलें खराब हो गई हैं। उन्होंने आशंका जताई कि आने वाले दिनों में यह और भी खराब होंगी। सिंध में आम, काली मिर्च, काटन, चावल, गेहूं और गन्नों समेत कई फसलें होती हैं लेकिन पानी की कमी के कारण इस बार किसानों को संकट से जूझना पड़ रहा है।

# खराब मौसम के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुआ तारा एअर का विमान : सीएएएन

**काठमांडू7** नेपाल के पर्वतीय मुस्तांग जिले में रविवार को तारा एअर का विमान खराब मौसम की वजह से दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) की प्रारंभिक जांच में यह पता चला है। विमान में चार भारतीय समेत 22 यात्री सवार थे।कनाडा में निर्मित ट्वीन ओट्टर 9एन एईटी विमान रविवार सुबह पर्यटक शहर पोखरा से उड़ान भरने के कुछ मिनटों बाद पर्वतीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में चार भारतीय, दो जर्मन और 13 नेपाली यात्रियों के अलावा चालक दल के तीन नेपाली सदस्य सवार थे।

अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने तारा एअर विमान



दुर्घटना की वजह का पता लगाने के लिए वरिष्ठ वैमानिक इंजीनियर रतिश चंद्र लाल सुमन की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया है।

सीएएएन के महानिदेशक प्रदीप अधिकारी ने सोमवार को संसद की अंतरराष्ट्रीय समिति की बैठक में कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि विमान खराब मौसम के कारण बाईं ओर मुड़ने के बजाय दाईं ओर मुड़ने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान का मलबा सोमवार सुबह मुस्तांग जिले की थसांग ग्रामीण म्युनिसिपैलिटी-2 में मिला। दुर्घटनास्थल जोमसोम हवाई अड्डे से आठ समुद्री मील की दूरी पर स्थित है।बचावकर्ताओं ने अभी तक दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे से 20 शव निकाले हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि घटना की मुख्य वजह खराब मौसम होने की संभावना है।

सीएएन के पूर्व महानिदेशक राज कुमार छेत्री ने कहा कि विमान की आयु इस दुर्घटना की वजह नहीं है। उन्होंने कहा, ''घटना के पीछे रविवार को खराब मौसम की वजह हो सकती है।'' उन्होंने कहा कि हालांकि, इस घटना के पीछे की वजह जांच पूरी होने के बाद ही पता चलेगी।

छेत्री ने रिपब्लिका से कहा, ''हमारी भौगोलिक स्थिति ज्यादा ऊंचे पर्वतों की है, साथ ही लगातार बदलती हवा और मौसम की प्रवृत्तियों से विमानों को ऊंचे इलाकों में और कम दृश्यता में दिक्कतें होती हैं।


## World Most Expensive House: दुनिया के सबसे महंगे घर में रहने का है सपना, किराया सुनकर रह जाएंगे दंग

**दुनिया.** ब्रिटेन का शाही परिवार (British Royal Family) दुनिया में जितना अधिक चर्चा में रहता है, उतनी ही बातें शाही महल 'बकिंघम पैलेस' को लेकर होती हैं. हर किसी का सपना होता होगा कि वह इस महल में रह सके. इसके साथ ही यह भी खयाल आता होगा कि इस महल को खरीदने के लिए कितनी रकम खर्च करनी होगी. बता दें कि इस महल में रहने का किराया करोड़ों में हो सकता है. एक स्टडी में ये बात सामने आई है.1.3 बिलियन डॉलर है कीमत

'द बिजनेस टाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, यदि आप शाही तरीके से रहना चाहते हैं, तो आपको बकिंघम पैलेस (Buckingham Palace) की जरूरत होगी. इसके लिए आपको 1.3 बिलियन पाउंड यानी कि 2.24 बिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 1,73,84,75,20,000 रुपये) खर्च करने पड़ सकते हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो ब्रिटेन के शाही परिवार का घर बकिंघम पैलेस दुनिया का सबसे महंगा घर है.

# रूस के कारण अनाज निर्यात नहीं कर पा रहा यूक्रेन, वीडियो संबोधन में जेलेंस्की ने दिया बड़ा बयान

**कीव (यूक्रेन)।** यूक्रेन के राष्टपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने यूक्रेन के समुद्री बंदरगाहों को बंद कर दिया है, जिससे वे 2.2 करोड़ टन अनाज निर्यात नहीं कर पा रहे हैं। जेलेंस्की ने मंगलवार रात दिए एक वीडियो संबोधन में कहा कि रूस के इस कदम से यूक्रेन से पहुंचने वाले अनाज पर निर्भर देशों में भुखमरी का खतरा बढ़ गया है और एक नया प्रवास संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया, ''यकीनन रूसी नेतृत्व ऐसा ही चाहता है।'' साथ ही, यूक्रेन के राष्टपति ने दावा किया कि कि यूक्रेन में रूसी हमले की शुरुआत से लेकर अब तक कुल 32 मीडियाकर्मी मारे गए हैं। जेलेंस्की ने फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना के साथ हुई एक बैठक में फ्रांस से खाद्य आपूर्ति पर रूसी हथकंडों के आगे नहीं झुकने का आग्रह भी किया।



मॉस्को, रूस की सरकारी गैस कंपनी 'गजप्रोम' ने सोमवार को पुष्टि की कि रूबल (रूसी मुद्रा) में भुगतान करने से इनकार करने के कारणउसने नीदरलैंड के एक गैस व्यापारी को मंगलवार से गैस आपूर्ति रोकने का फैसला किया है। रूसी राष्टपति व्लादिमीर पुतिन ने इस साल की शुरुआत में यूरोपीय देशों से रूबल में भुगतान करने को कहा था। पेरिस, फ्रांसीसी समाचार एजेंसी 'बीएफएम टीवी' का कहना है कि यूक्रेन में ''एक मानवीय अभियान की कवरेज के दौरान'' उसके पत्रकार फ्रेडरिक लेकलेर्क इमहोफ (32) की हत्या कर दी गई।'बीएफएम टीवी' के मुताबिक, इमहोफ की उस समय हत्या कर दी गई, जब वह डोनबास क्षेत्र में सिविएरोदोनेत्सक शहर के पास एक बख्तरबंद वाहन में मानवीय अभियान को कवर कर रहे थे। मालूम हो कि इस क्षेत्र में यूक्रेनी और रूसी सैनिकों के बीच भीषण जंग जारी है। इमहोफ फ्रांस के नागरिक थे और पिछले छह साल से चैनल के लिए काम कर रहे थे। मॉस्को, क्रेमलिन (रूसी राष्टपति का कार्यालय) ने सोमवार को कहा कि रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन ने तुर्की के राष्टपति रजब तैयब एर्दोगन के साथ टेलिफोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन के हालात समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। क्रेमलिन की ओर से जारी बयान के अनुसार, पुतिन और एर्दोगन ने काला सागर व अजोव सागर क्षेत्र की सुरक्षा पर गहन चर्चा की। पुतिन ने एर्दोगन को भरोसा दिलाया कि अगर उस पर से प्रतिबंध हटा लिए जाते हैं तो मॉस्को भारी मात्रा में उर्वरकों और कृषि उत्पादों का निर्यात कर सकता है।वाशिंगटन, अमेरिका के राष्टपति जो बाइडन ने कहा कि उनकी यूक्रेन में लंबी दूरी की रॉकेट प्रणाली भेजने की कोई योजना नहीं है। ऐसी खबरें आ रही थीं कि अमेरिका कीव को लंबी दूरी की रॉकेट प्रणाली उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है। बाइडन ने सोमवार को व्हाइट हाउस के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में स्पष्ट किया, ''हम रूस को निशाना बनाने वाली रॉकेट प्रणाली यूक्रेन नहीं भेजने जा रहे हैं।'' बाइडन के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए रूस की सुरक्षा परिषद के उप-प्रमुख दमित्री मेदवेदेव ने कहा कि यह एक 'उचित' फैसला है।

ब्रसेल्स (बेल्जियम), यूरोपीय संघ (ईयू) के नेताओं ने सोमवार को रूस पर नए प्रतिबंधों के हिस्से के रूप में साल के अंत तक ईयू में रूसी तेल के अधिकांश आयात को प्रतिबंधित करने को लेकर सहमति जताई। यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि दंडात्मक कदम ''वर्ष के अंत तक रूस से ईयू के लिए तेल आयात में प्रभावी रूप से लगभग 90 प्रतिशत की कटौती करेगा।

'' मिशेल ने बताया कि ईयू नेता युद्धग्रस्त देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए यूक्रेन को नौ अरब यूरो की सहायता देने पर भी सहमत हुए हैं।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

सार समाचार

## भाजपा को 2020-21 में 477 करोड़ का चंदा मिला, कांग्रेस को मिले 74 करोड़

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी को वित्त वर्ष 2020-21 में 477.5 करोड़ रुपये का चंदा मिला, जबकि विपक्षी कांग्रेस को 74.50 करोड़ रुपये चंदे के रूप में मिले। निर्वाचन आयोग ने दोनों दलों की चंदे से संबंधित रिपोर्ट मंगलवार को सार्वजनिक की। इसके मुताबिक, भाजपा को कई इकाइयों, चुनावी ट्रस्ट और व्यक्तियों से 4,77,54,50,077 रुपये का चंदा मिला। भाजपा ने वित्त वर्ष 2020-21 में मिले चंदे की रिपोर्ट गत 14 मार्च को आयोग को सौंपी थी। कांग्रेस को मिले चंदे की रिपोर्ट के अनुसार, उसे विभिन्न इकाइयों और व्यक्तियों से 74,50,49,731 रुपये का चंदा मिला। आयोग के प्रावधानों के मुताबिक राजनीतिक दलों को 20 हजार रुपये से अधिक के चंदे से जुड़ी जानकारी देनी होती है।

## हार्दिक पटेल इस तारीख को थामेंगे कमल, गांधीनगर के कार्यालय में होगा मेगा इवेंट

नई दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व नेता हार्दिक पटेल दो जून को गुजरात पार्टी के अध्यक्ष सी आर पाटिल की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होंगे। पाटीदार आरक्षण आंदोलन के नेता पटेल के हाल ही में कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद, ऐसी अटकलें थीं कि वह सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व की कड़ी आलोचना करते हुए भाजपा की निर्णय लेने की क्षमता और कार्यशैली की प्रशंसा की थी। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता यज्ञेश दवे ने कहा कि इस बात की पुष्टि हो गई है कि हार्दिक पटेल दो जून को प्रदेश अध्यक्ष सी आर पाटिल की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होंगे। पटेल 2019 में कांग्रेस में शामिल हुए थे। हार्दिक पटेल ने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी क्योंकि वह राज्य नेतृत्व से नाराज थे। हार्दिक पटेल ने अपने त्याग पत्र में कांग्रेस के केंद्र और राज्य के नेताओं के खिलाफ काफी बातें कहीं। इस महीने की शुरुआत में कांग्रेस छोड़ने से पहले, पटेल ने पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी को एक तीखा पत्र लिखा था, जिसमें दावा किया गया था कि कांग्रेस ने देश में कुछ प्रमुख मुद्दों पर 'केवल एक अवरोधक की भूमिका निभाई' और 'केवल हर चीज का विरोध करने के लिए कम हो गई'। हार्दिक पटेल चाहते थे कि उनके भाजपा में शामिल होने पर कुछ शीर्ष केंद्रीय नेता मौजूद रहें। हालांकि अभी इसे फाइनल नहीं किया गया है। बीजेपी के सूत्रों ने बताया कि यह गुजरात बीजेपी के गांधीनगर स्थित मुख्यालय कमलम में एक मेगा इवेंट होगा। यह देखना अहम होगा कि हार्दिक पटेल के पार्टी में शामिल होने के बाद बीजेपी उन्हें क्या पद देती है। भाजपा के सूत्रों ने यह भी कहा कि हार्दिक पटेल के शामिल होने के बाद आगामी गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव लड़ सकते हैं।



## कश्मीर में शिक्षिका की गोली मारकर हत्या, उमर बोले धार्मिक हिंसा के कारण तबाह हुआ एक और घर

कुलगाम । कुलगाम के गोपालपोरा इलाके में सांबा की रहने वाली हिंदू महिला शिक्षिका पर आतंकियों ने गोलीबारी की। इस घटना में महिला की घटनास्थल पर ही मुत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि कुलगाम जिले के गोपालपुर में रजनी बाला (36) पर आतंकवादियों ने गोलियां चलाई, उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ समय से अल्पसंख्यक कश्मीरी पंडितों पर हमले बढ़ गए हैं। महिला शिक्षिका के एक परिजन ने कहा हमें सरकार से इंसाफ चाहिए और जिन्होंने भी हमला किया, उन्हें सजा मिलनी चाहिए। इस घटना पर नेशनल कॉनफ्रेंस (नेकां) के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने निशाना साधा है। उमर अब्दुल्ला ने शिक्षिका की हत्या को घिनौना कृत्य करार दिया। उन्होंने कहा, रजनी जम्मू संभाग के सांबा जिले की निवासी थीं। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में शिक्षिका के तौर पर काम कर रही थीं, एक घिनौने हमले में उनकी जान चली गई। मेरी संवेदनाएं उनके पति राज कुमार और परिवार के साथ हैं।



उमर अब्दुल्ला ने कहा कि धार्मिक हिंसा के कारण एक और घर तबाह हो गया। अब्दुल्ला ने कहा निहत्थे नागरिकों पर निशाना बनाकर किए गए हालिया हमलों की लंबी सूची में यह एक और हमला है। निंदा एवं शोक के शब्द और सरकार का आश्वासन कि स्थिति सामान्य होने तक वे चैन से नहीं बैठेंगे, सभी खोखले प्रतीत होते हैं। रजनी बाला गोपालपुर में बतौर पर शिक्षिका तैनात थीं। उन्होंने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी गई है। मई के महीने में दूसरी बार किसी कश्मीरी पंडित की हत्या की गई है। 12 मई को राहुल भट् की बडगाम जिले की चदूरा तहसील में तहसीलदार कार्यालय के अंदर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मई महीने के दौरान कश्मीर में अभी तक सात लक्षित हत्याएं की गई हैं। इनमें से चार नागरिक और तीन पुलिसकर्मी थे, जो ड्यूटी पर तैनात नहीं थे।

## मनसे प्रमुख राज ठाकरे अस्पताल में भर्ती, आज को होगी कूल्हे की सर्जरी

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे को मंगलवार को मुंबई के अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां बुधवार को उनके कूल्हे की सर्जरी होगी। मनसे के एक नेता ने इसकी जानकारी दी। इस महीने की शुरूआत में 53 वर्षीय ठाकरे ने कहा था कि उनके घुटने और पीठ की समस्याओं को दूर करने के लिए सर्जरी होगी। मनसे नेता नितिन सरदेसाई ने कहा, 1 जून को अस्पताल में उनके कूल्हे की सर्जरी होगी। राज ठाकरे हाल ही में मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने का अल्टीमेटम देकर सुर्खियों में थे। उनका 5 जून को अयोध्या जाने का भी कार्यक्रम था, लेकिन फिलहाल उन्होंने योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। राज ठाकरे ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी थी। बता दें कि गोंडा के बीजेपी सांसद और भारतीय कुशती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह मनसे प्रमुख के अयोध्या दौरे का विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि राज ठाकरे उत्तर भारतीयों का अपमान करने के लिए पहले उनसे माफी मांगे, उसके बाद ही उन्हें अयोध्या में प्रवेश करने दिया जाएगा। बिना माफी मांगे हम उनके दौरे का विरोध करने वाले हैं। राज ठाकरे ने ट्वीट किया था कि अयोध्या दौरा फिलहाल के लिए सस्पेंड कर दिया गया।

# राजनाथ सिंह ने चेताया, अगर चीन एलएसी पर हमारी तरफ इंफ्रा का निर्माण करता है तो मुंहतोड़ जवाब देगा भारत


**नई दिल्ली (एजेंसी)**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज चीन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसने सीमा पर छेड़छाड़ करने या बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की कोई कोशिश की तो भारत मुंह तोड़ जवाब देगा। आज रात इंडिया टीवी संवाद कॉन्क्लेव में रजत शर्मा के सवालों का जवाब देते हुए राजनाथ सिंह ने कहाः 'हमारी तरफ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने की कोशिश करेंगे, तो भारत उसका मुंह-तोड़ जवाब देगा। हमारे साथ छेड़छाड़ करेगा, तो हम उसका जवाब देंगे।'
रक्षा मंत्री ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहाः 'भारत किसी भी देश को अपना दुश्मन नहीं मानता है, लेकिन अगर कोई देश हमारे स्वाभिमान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, या हमारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करता है, तो हम 'मुंह-तोड़ जवाब' देंगे। जो कुछ भी हुआ (एलएसी पर) उसके लिए भारत जिम्मेदार नहीं है। चीन को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए, लेकिन मैं जानता हूं कि वह आत्मनिरीक्षण नहीं करेगा, क्योंकि उसकी मानसिकता विस्तारवादी है। हम चीन के मंसूबे को पूरा नहीं होने देंगे।'
राजनाथ सिंह ने कहा, 'रक्षा मंत्री के रूप में मुझे पता है कि एलएसी पर चीन के खिलाफ गतिरोध के दौरान हमारे अधिकारियों और जवानों ने कैसे दृढ़ विश्वास और साहस दिखाया। हमारे देश में ज्यादातर लोग यह जानते तक नहीं हैं। रक्षा मंत्री के तौर पर मैं जानता हूं कि क्या हुआ, कब हुआ और कैसे हुआ। जिस तरह से हमारी सेना, वायुसेना और नौसेना ने अपनी तैयारियां कीं, वह अप्रत्याशित था। विपक्ष के नेता चाहे कुछ भी कहें, यह पहली बार है कि भारत ने चीन के खिलाफ स्टैंड लिया है। चीन ने जो भी बुनियादी ढांचा विकसित किया वह एलएसी के पार उनकी तरफ था।' यह पूछे जाने पर कि भारत की ओर से सर्जिकल और एयर स्ट्राइक के बावजूद पाकिस्तान के रुख में सुधार क्यों नहीं हुआ, राजनाथ सिंह ने मुस्कुराते हुए जवाब दियाः 'पाकिस्तान में सुधार नहीं हुआ है, लेकिन उसे पूरी तरह से एहसास हो गया है। भारत ने साबित कर दिया है कि वह पारंपरिक लड़ाई के साथ-साथ आधुनिक लड़ाई में भी जीत हासिल कर सकता है।' यूक्रेन संकट पर राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया कि भारत चाहता है कि यूक्रेन की लड़ाई जल्द से जल्द खत्म हो। उन्होंने कहा, 'रूस-यूक्रेन युद्ध में प्रधानमंत्री की भूमिका की सराहना देश के विपक्ष एवं दुनिया के कई देशों ने भी की है। जब मैं विदेश मंत्री के साथ वॉशिंगटन गया था, तो मुझे लगता था कि अमेरिकी नेता भारत के रुख पर प्रतिकूल टिप्पणी कर सकते हैं, लेकिन किसी ने भी ऐसी कोई टिप्पणी नहीं की। हमारे प्रधानमंत्री एकमात्र वैश्विक नेता हैं जो अमेरिका और रूस दोनों देशों के राष्ट्रपतियों से बात कर सकते हैं, और हमारे छात्रों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति से भी बात कर सकते हैं।'

# स्वामी रामदेव बोले- 140 करोड़ भारतीयों में से एक भी मोदी के व्यक्तित्व की बराबरी नहीं कर सकता

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**



इंडिया टीवी 'संवाद' कॉन्क्लेव में आज योग गुरु स्वामी रामदेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जम कर सराहना की और कहा, 'इस समय मुझे 140 करोड़ भारतीयों में से एक भी व्यक्ति नजर नहीं आता जो मोदी के हिमालय जैसे व्यक्तित्व की बराबरी कर सके और इस देश को चला सके। उनके सामने बाकी सब बौने दिखते हैं।' स्वामी रामदेव ने कहा, 'मैं यह नहीं कहता कि अतीत में कोई महान व्यक्तित्व नहीं हुआ। मैं यह भी नहीं कहता कि मोदी के बाद इस देश को संभालने के लिए कोई व्यक्ति नहीं है। यह भगवान का विधान है। देश अपने प्रवाह से आगे बढ़ेगा, लेकिन इस समय मुझे ऐसा कोई नहीं दिखता जो मोदी के व्यक्तित्व की बराबरी कर सके।'
मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने के अवसर पर योगगुरु ने प्रधानमंत्री की सराहना करते हुए कहा, 'हमें फख्र है कि हम उस कालखंड में हैं जब मोदी जैसा एक यशस्वी, तेजस्वी, पराक्रमी वीर देश का प्रधानमंत्री है, जो शौर्य के साथ खड़ा रहता है। मैं पूरी दुनिया में घूमा हूं। सारी दुनिया के लोग कहते हैं इससे पहले कोई प्रधानमंत्री आता था, तो कब आया और कब चला गया, कोई चर्चा नहीं होती थी। आज मोदी जी आते हैं तो पूरी दुनिया में चर्चे होते हैं।'
रामदेव ने कहा, 'मोदी ने भारत को वैश्विक गौरव दिया। जमीन स्तर पर उन्होंने हमारी सड़कों, बंदरगाहों से लेकर एयरपोर्ट्स तक को बदल दिया है। उन्होंने हमारे किसानों और गरीबों के लिए तमाम योजनाएं शुरू की हैं। पिछले 75 सालों में वह हमारे पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने योग और आयुर्वेद को लोकप्रिय बनाया। मोदीजी खुद रोज योग करते हैं और 18 घंटे कर्मयोग करते हैं। वह नई शिक्षा नीति लेकर आए।'
उन्होंने कहा, 'मोदी राष्ट्र की एक ऋषि आत्मा जैसे हैं। एक दिन मैंने ट्वीट में उनको 'देवतुल्य' कह दिया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर मुझे कई लोगों ने ट्रोल किया। लोग अपनी ऐसी-तैसी कराएं, मोदी अच्छा काम कर रहे हैं। मैंने कहा, क्या तुम्हारे खेत में आकर मोदी हल भी चलाएंगे? क्या मोदी तुम्हारी दुकान भी चलाएंगे? खुद तो कुछ काम करो। देश के प्रधानमंत्री का काम होता है अच्छी नीतियां बनाना, अच्छा नेतृत्व देना, अच्छी नीयत से काम करना।'
विपक्ष के आरोपों पर कि पीएम ईंधन की कीमतों में वृद्धि पर चुप्पी साधे हुए थे, स्वामी रामदेव ने कहाः ह्यजो प्रधानमंत्री होता है उसको पता होता है कि देश कैसे चलाया जाता है। कोरोना में देश की पूरी अर्थव्यवस्था हिल गई, पूरी दुनिया के बड़े-बड़े देश हिल गए। माना कि हमारे यहां चुनौतियां हैं, मैं आंख बंद करके नहीं बैठा। मैं मोदी के घनघोर विरोधियों से एक प्रश्न करता हूं कि मुझे मोदी से ज्यादा काबिल एक व्यक्ति का नाम बता दें, हम आज उसको साष्टांग कर लेंगे।'

## यूपी में नहीं गली ओवैसी की दाल तो राजस्थान में किस्मत आजमाने निकले, बोले- आगामी चुनाव में पूरी ताकत के साथ हिस्सा लेगी एआईएमआईएम

**जयपुर। (एजेंसी)**



ज्ञानवापी मस्जिद समेत देश में चल रहे तमाम मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखने वाले ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को जयपुर में बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ हिस्सा लेगी। आपको बता दें कि राजस्थान में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले तमाम राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसी बीच असदुद्दीन ओवैसी ने भी रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया।

**ओवैसी संगठन को करेंगे मजबूत**

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम पार्टी पूरी ताकत के साथ हिस्सा लेगी, कितने सीट पर हम लड़ेंगे वो भी जल्दी बताया जाएगा। गठबंधन पर चर्चा की जाएगी, लेकिन हम पहले अपने संगठन को मजबूत करेंगे। उसके बाद सही वक्त पर फैसला लिया जाएगा।

**यूपी में नहीं गली थी दाल**

हैदराबाद से चलकर उत्तर प्रदेश की राजनीति में किस्मत आजमाने वाले असदुद्दीन ओवैसी की दाल नहीं गली थी। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी को उम्मीद थी कि मुस्लिम बहुल सीटों पर कम से कम उनकी पार्टी का प्रभाव नजर आएगा। लेकिन चुनाव परिणाम में तो उत्तर प्रदेश की जनता ने स्थिरता को प्राथमिकता दी। उत्तर प्रदेश के चुनाव परिणाम में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी को नोटा से भी कम वोट मिले थे। उन्होंने 100 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और तकरीबन सभी सीटों पर उनके उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई थी।

## कालेधन को सफेद करने के लिए हुई थी नोटबंदी, इसके दर्द को देश कभी नहीं भूलेगाः राहुल

**नयी दिल्ली। (एजेंसी)**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जाली नोटों से संबंधित भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि नोटबंदी कालेधन को सफेद करने के लिए की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि नोटबंदी का दर्द देश कभी नहीं भूलेगा। राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में कहा, '8 नवंबर 2016 को नोटबंदी के नाम पर देश को अचानक लाइन में लगा दिया गया। लोग अपना ही पैसा निकालने के लिए तरस गए, कई घरों में शादियां थीं, बच्चों और बुजुर्गों के इलाज चल रहे थे, गर्भवती महिलाएं थीं, लेकिन लोगों के पास पैसे नहीं थे, घंटों लाइन में लगने की वजह से कई लोगों की मृत्यु हो गई।'
राहुल ने दावा किया, '2022 में रिजर्व बैंक के हवाले से खबर आयी कि बैंक में पहुंचे 500 रुपये के 101.9 प्रतिशत और 2 हजार रुपये के 54.16 प्रतिशत से ज्यादा नोट, नकली हैं। 2016 में जहां 18 लाख करोड़ कैश इन सकुर्लेशन (चलन में मुद्रा) में था, वहीं आज 31 लाख करोड़ कैश इन सकुर्लेशन में है। सवाल है कि आपके डिजिटल इंडिया , कैशलेस इंडिया का क्या हुआ, प्रधानमंत्री जी?' कांग्रेस नेता ने कहा, 'नोटबंदी के वक्त मैंने कहा था कि ये ह्यराष्ट्रीय त्रासदी है। गलतफहमी में मत रहिए- मोदी जी से गलती नहीं हुई, ये जानबूझ कर किया गया है ताकि आम जनता के पैसे से 'मोदी-मित्र' पूंजीपतियों का लाखों करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया जा सके और उनके कालेधन को सफेद किया जा सके।'

## राज्यसभा उम्मीदवारों को लेकर कांग्रेस में रार ! प्रमोद कृष्णम ने जताई नाराजगी, बोले- गुलाम नबी आजाद जैसे नेताओं का होना चाहिए था सम्मान

**नई दिल्ली (एजेंसी)**



राज्यसभा उम्मीदवारों को लेकर कांग्रेस में रार देखने को मिल रही है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के बाद प्रमोद कृष्णम ने भी अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को शिकायत है। राज्यसभा हमारे लोकतंत्र का मंदिर है, इसलिए वहां बुद्धिजीवी और अनुभवी लोगों को भेजा जाता है, जो देश के लिए काम करते हैं और पार्टी को मजबूत करते हैं। लेकिन फैसले परेशान कर रहे हैं।
समाचार एजेंसी के साथ बातचीत में कांग्रेस नेता प्रमोद कृष्णम ने राज्यसभा उम्मीदवारों को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि पार्टी सांसद मनीष तिवारी समेत कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने अपना असंतोष व्यक्त किया। लेकिन अब फैसला हो गया है... गुलाम नबी आजाद, तारिक अनवर, सलमान खुर्शीद, राशिद अल्वी जैसे नेता स्थापित और चर्चित हैं, उनका सम्मान किया जाना चाहिए था।

**क्या कांग्रेस के साथ खड़े हैं प्रमोद कृष्णम ?**

इसी बीच प्रमोद कृष्णम ने कहा कि मैं राज्यसभा उम्मीदवार की रेस में नहीं था। क्योंकि मुझे पता है कि कांग्रेस पार्टी में कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें हिंदू और धर्म शब्द से नफरत है। तो जब हिंदू नाम के शब्द से नफरत है तो फिर किसी हिंदू धर्मगुरू को राज्यसभा में कैसे भेजा जा सकता है ? यह मैं अच्छी तरह से जानता हूं। लेकिन मैं कल भी कांग्रेस के साथ खड़ा था और आज भी खड़ा हूं।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जिसके लिए महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी कुर्बान हुए हैं। इन लोगों ने लहू का बलिदान देकर के इस पार्टी को सींचा और खड़ा किया है। कांग्रेस अगर खत्म होती है या फिर कमजोर होती है तो देश का लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। इसलिए मैं आज भी कांग्रेस के साथ खड़ा हूं। सवाल मेरे राज्यसभा का नहीं है।

**राहुल के खिलाफ नहीं हैं प्रमोद कृष्णम**

प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस की कमान प्रियंका गांधी को सौंपी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष पद को स्वीकार नहीं करते हैं तो पार्टी की कमान प्रियंका गांधी को दी जानी चाहिए। कई नेता और कार्यकर्ता ऐसा मानते हैं। लेकिन फिर पार्टी के कुछ सदस्य कहने लगे कि मैं राहुल गांधी के खिलाफ हूं, मैं नहीं हूं, मैं क्यों रहूंगा ? उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी पद को स्वीकार नहीं करते हैं तो इतनी बड़ी पार्टी को एक ऐसे चेहरे की जरूरत है जो युवाओं और पार्टी के अनुभवी सदस्यों के बीच तालमेल बिठा सके, कई लोगों के अनुसार यह चेहरा प्रियंका गांधी का है। वह सबसे पसंदीदा कांग्रेस नेताओं में से एक हैं।

# गरीब कल्याण सम्मेलन में योगी ने लाभार्थियों से किया संवाद, कहा- बिना जाति-धर्म देखे मिल रहा है लाभ

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने 1.51 लाख स्वयं सहायता समूहों को तथा 11,000 बीसी सखियों को कुल 315 करोड़ की धनराशि का डिजिटल माध्यम से अतंरण किया। उन्होंने कहा कि 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिली थी लेकिन वास्तविक रूप से 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को मिल रहा है। यह बदलाव हर कोई महसूस कर रहा है। आज गरीबों को बिना उनकी जाति व धर्म देखे सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। गरीबों को बैंक अकाउंट से जोड़ उन्हें शासन की योजनाओं का सीधा लाभ दिया जा रहा है। सीएम योगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में शिमला में आयोजित ह्यगरीब कल्याण सम्मेलनह्ण में भाग ले रहे थे। इस दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत अन्य लोग मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र के 8 वर्ष का सफलतापूर्वक कार्यकाल पूरा होने पर मुख्यमंत्री ने बधाई देते हुए कहा कि 8 साल में देश में व्यापक परिवर्तन हुए। देश ने वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई,और शासन की हर योजनाओं को हर गांव हर गरीब तक पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरप्रदेश ही एक ऐसा राज्य है जहां हर गांव में बीसी सखी के माध्यम से सुविधा मिल रही है,हर घर बैंकिंग का कार्य ये बीसी सखी कर रही हैं और यही वास्तविक बदलाव है। आज प्रदेश का हर व्यक्ति बैंकिंग सेवा का लाभ उठा रहा है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2013-14 में ह्यसबका साथ,सबका विकासह्ण का नारा दिया था जो आज के समय में पूरा होता दिखाई पड़ रहा है। पिछले 8 वर्ष में देश में 3 करोड़ से अधिक परिवारों को मकान मिला, अकेले उत्तरप्रदेश में साढ़े 43 लाख गरीबों को मकान दिया गया। मुख्यमंत्री ने बताया पीएम आवास योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में मकान बनाने के लिए एक लाख बीस हजार तथा शहरी क्षेत्र में ढाई लाख रुपए की सहायता दी जाती है। शहरी क्षेत्र में योजना का लाभ देने के लिए मानकों में भी ढील दी गई है। उन्होंने आगे बाताया कि 2011-12 के सर्वे में जिन गरीबो के नाम छूट गए थे,उन्हें हमने मुख्यमंत्री आवास योजना से जोड़ा जिसकी वजह से वनटांगिया ,मुसहर जैसी जातियों को भी योजना का लाभ दिया जा सका।
शौचालयों के निर्माण के बारे में जानकारी देते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा हि देश में 11 करोड़ से ज्यादा परिवारों को शौचालय दिया गया, वहीं उत्तरप्रदेश में 2 करोड़ 61 लाख को इसका लाभ मिला। साथ ही हर ग्रामसभा में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण हुआ,और साथ ही महिलाओं को इससे रोजगार भी दिया गया। इन शौचालयों को इज्जतघर का नाम दिया गया जिसकी सराहना प्रधानमंत्री जी ने भी की। इन इज्जतघरों ने नारी गरिमा की रक्षा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 1 करोड़ 67 लाख लोगों को उज्ज्वला योजना से जोड़ा गया। देश में 2014 के पहले गैस सिलेंडर मिलने के लिए लोगों को पुलिस के डंडे खाने पड़े थे। लेकिन अब ये गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जा रहे हैं। यहां तक कि अब तो वर्ष में 2 सिलेंडर मुफ्त भी देने जा रहे हैं,इस दिवाली से इसकी शुरूआत होगी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरप्रदेश में पर्याप्त भू-संसाधन थे,इसके बावजूद गरीबों को पेयजल के लिए प्रताड़ित किया जाता था। लेकिन प्रधानमंत्री जी के परिकल्पना से अब हर घर नल योजनांतर्गत शुद्ध आरओ का पानी देने जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र में ये अमृत योजना के माध्यम से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने पीएम स्वनिधि योजना द्वारा दिए जा रहे लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि ये योजना लोगों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने में सहायक साबित हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि ह्यवन नेशन वन राशन कार्डह्ण और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से कोरोना काल के दौरान कोई नागरिक भूखे पेट नहीं सोया। योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी को मिलने के लिए हम कृत संकल्पित हैं। इसी कड़ी में आज पीएम किसान सम्मान निधि की ग्यारहवीं किश्त का लाभ भी मिलने जा रहा है। केंद्र व राज्य सरकार शासन की योजनाओं का लाभ आप तक पहुचाने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री ने सुल्तानपुर की बीसी सखी प्रियंका मौर्या, बहराइच की गुड़िया, मथुरा के ईलू शर्मा, उन्नान की गुड़िया, सुल्तानपुर की सरोजा देवी, इटावा की पूनम और कुसुम से बात की।

**बेटियों को कन्या सुमंगला योजनाओं से जोड़ने की अपील**

सुल्तानपुर की बीसी सखी प्रियंका मौर्या से मुख्यमंत्री ने बात की तो प्रियंका ने बाताया कि उसकी प्रति माह आय करीब 26 हजार रुपए है और उसने अपना संटर भी खोला हुआ है। सीएम ने उसकी सराहना करते हुए कहा आप लोग जो काम कर रही हैं वो समाज की बाकी महिलाओं के लिए एक उदाहरण है। सीएम ने ये भी कहा सरकार की इन योजनाओं की वजह से ही आज बेटियां स्कूल जा रही हैं। बिना भेदभाव के सभी वर्ग के लोगों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ मिल रहा है। हमारी सरकार ने हर वर्ग का विकास किया है इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को अपनी बेटियों को कन्या सुमंगला योजनाओं से जोड़ने की अपील भी की।

**पीड़ित गुड़िया को आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने की सलाह**




उन्नाव के नवाबगंज ब्लाक के रायपुर खैलामऊ की गुड़िया से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने गुड़िया से सीधे संवाद में पूछा आवास मिला, इज्जत घर मिला, दोनों के लिए कितना पैसा मिला था? गुड़िया ने बताया कि योजनाओं का लाभ मिला है। इस पर मुख्यमंत्री ने उससे पूछा पढ़ाई करती हो तो गुड़िया ने कहा पढ़ाई नहीं कर रहे इस पर मुख्यमंत्री ने उसे सलाह दी कि पढ़ाई करो आयुष्मान कार्ड से जहां भी चाहोगी पांच लाख तक का इलाज करा सकती हो। मथुरा के लाभार्थी इलू शर्मा ने बताया की पीएम स्वानिधि द्वारा मिली सहायता से वो ईलू बर्गर पैटीज सेंटर चलाते हैं जिसे महीने में 10 से 12 हजार की बचत हो जाती है।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

# अधिकारी अपने पत्र में किस प्रकार की कार्यवाही करते हैं ?

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सुचना अधिकार अधिनियम के तहत माँगी गई जानकारी विभाग देने के लिए निति-नियम बनाया गई है, अधिकारी अगर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पायेगा तो उसके खिलाफ भी भारतीय दंड संहिता के तहत कार्यवाही किया जा सकता हैं, लेकिन अपने कार्य की लापरवाही छुपाने के लिए किस प्रकार पत्र लिखते हैं यह इस पत्र का नूमना है जो सुडा के कार्यपालक इंजीनियर के द्वारा गुजरात राज्य माहिती आयोग को लिखा गया था.



નામદાર ગુજરાત માહિતી આયોગ

સુડા/પુ-૧૫/વશી-૩૨૮
તા-૨૮/૦૨/૨૦૨૨

ફરિયાદ-જીઆઇસી અ-૦૪૪૮-૨૦૨૨

ફરિયાદી:- શ્રી સુરેશ બલરામ મૌર્યા,
એસ.ટી.પી.આઇ.સુરત,
ભેસ્તાન-જીયાવ રોડ ભેસ્તાન,સુરત-૩૯૫૦૨૩.

વિરૂધ્ધ

સામાવાળા:- (૧) જાહેર માહિતી અધિકારીશ્રી
(મદદનીશ નગર નિયોજકશ્રી)
સુરત શહેરી વિકાસ સત્તામંડળ
"સુડા ભવન" વેસુ આભવા રોડ,વેસુ,સુરત.
(૨) જાહેર માહિતી અધિકારીશ્રી
(ઇ.ચા હેડ કલાર્કશ્રી)
(૩) જાહેર માહિતી અધિકારીશ્રી
(આવાસ શાખા)
(૪) જાહેર માહિતી અધિકારીશ્રી
(નાયબ મામલતદારશ્રી)
(૫) જાહેર માહિતી અધિકારીશ્રી
(નાયબ કાર્યપાલક ઇજનેરશ્રી)
(૬) અપીલ અધિકારીશ્રી
(પ્રવર નગર નિયોજક)
(૭) અપીલ અધિકારીશ્રી
(કાર્યપાલક ઇજનેરશ્રી)

અરજદારે સને-૨૦૨૧ માં કુલ-૬ R.T.I કરેલ છે જે દ.પુ (૪ થી ૯) રજુ છે. જે જોતા વાંરવાર ૧૨ થી ૧૫ મુદ્દા ની R.T.I કરી અને મળેલ અધિકાર નો દુર ઉપયોગ કરતા હોય અને તે પાછળ સમાચાર તંત્રના તંત્રી તરીકે કચેરી ઉપર દબાણ કરતા હોય અને તે પાછળ સમાચાર તંત્રના તંત્રી તરીકે કચેરી ઉપર દબાણ ઉત્પન્ન કરવા સિવાય કોઇ અભિગમ નથી તદ ઉપરાંત પોતાનો માહિતી મેળવવાનો હેતુ બર ન આવે તો અપીલ અધિકારી ઉપર શિકાયત દર્જ કરવાની IPC હેઠળ ગુન્હાની મેઇલથી અરજીઓ સરકારના વિવિધ વિભાગોમાં મોકલેલ છે. આવી જ એક અરજી ઉપરોક્ત અપીલ અધિકારીના નિર્ણય બાદ મોકલેલ છે( તા.૨૨/૦૨/૨૦૨૨) દ.પુ.૧૦ થી રજુ છે.

નામદાર આયોગ ના અપીલ નં.-અ-૨૮૭૬-૨૦૨૧ તા.૧૬/૦૨/૨૦૨૨ અન્વયે અરજદાર દ્વારા અધિનિયમન જોગવાઇ નો દુર ઉપયોગ થતો હોય કાર્યવાહી થાય તેવી નમ્ર વિનંતી છે.

(ડી.એ.શાહ)
કાર્યપાલક ઇજનેરશ્રી
અપીલ અધિકારીશ્રી
સુરત શહેરી વિકાસ સત્તામંડળ
સુરત

# SUDA की महेरबानी सील होने के बावजूद, सील तोड़ कर किये जा रहे कार्य

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

**कार्यवाही के नाम पर कार्यवाही ही क्यों होती.**

कागजी कार्यवाही

**सुडा के उच्च अधिकारीगण, जवाबदार अधिकारी, अवैध बांधकाम विभाग के अधिकारी क्यों नही करते आगे की कार्यवाही.**



सूरत,लाजपुर के क्षेत्र में बन रहे अवैध बांधकाम पर अधिकारीगण की दिखाने के लिए होते है या कार्यवाही करने के लिए इस प्रश्न जनता जनार्दन में खड़ा कर दिया. की बिल्डर के द्वारा बनाया जा रहे बिल्डिंगों में आखिर कार कार्यवाही क्यों नही होती.

**SUDA की महेरबानी या लापरवाही ?**

**बिल्डर का बिल्डिंग या अधिकारीयों की भागीदारी बना अवैध निर्माण ?**

**सील किया गए मिल्कत पर किसकी इजाजत से बांधकाम की कार्यवाही शुरूआत किया गया.**

# गरीब सम्मेलन : पीएम मोदी के संबोधन का पश्चिम रेलवे के 184 स्थानों पर हुआ सीधा प्रसारण

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 मई, 2022 को शिमला, हिमाचल प्रदेश में आयोजित किए गए 'गरीब कल्याण सम्मेलन' से राष्ट्र को संबोधित किया। केंद्र सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर इस जन कार्यक्रम का आयोजन राज्यों की राजधानियों, जिला मुख्यालय और देश भर के कृषि विज्ञान केंद्रों पर किया गया। इस महत्वआपूर्ण अवसर का आयोजन जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ लाभार्थियों से राष्ट्रव्यापी संवाद करके न केवल इसके प्रभाव को देखने, बल्कि सरकार के इन कल्याणकारी कार्यक्रमों को बेहतर बनाने हेतु चर्चा करने के लिए भी किया गया, ताकि सम्मासनपूर्वक जीवन प्रदान करने के साथ-साथ राष्ट्र को और आगे सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए तैयार किया जा सके। भारत सरकार के माननीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव पश्चिम बंगाल से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समारोह का टेलीकास्टक/ब्रॉडकास्टी पश्चिम रेलवे के अंतर्गत 184 स्थाननों पर किया गया। भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं पर बनी फिल्मों का प्रसारण विभिन्न स्टेशनों, रेलवे कार्यालयों, कारखानों आदि

# यह विभाग के द्वारा किया गया डिमोलिशन हैं या सेटिंग.com

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

SUDA की महेरबानी या लापरवाही से इस कार्यपर नजरअंदाज करते हुए अधिकारीगण अपने पद का दुरुपयोग कर सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर विभाग के कोष को हानि पहुचने संबंधित कार्यवाही भारतीय दंड सहित के अनुसार विभाग के उच्च अधिकारीगण को करना चाहिए. जिससे भष्टाचार की इस दलदल में कार्यालय में कुछ लगाम लगा सके.



# कंपनी की मालवाहक लिफ्ट में फंसे कामगार का सिर हुआ धड़ से अलग

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

वलसाड,संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली स्थित कंपनी में घटी एक घटना में एक कामगार की दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक दक्षिण गुजरात के वलसाड जिले से सटे दादरा नगर हवेली स्थित सन प्लान्ट कंपनी में माल-सामान चढ़ाने उतारने के लिए लिफ्ट की व्यवस्था है। कंपनी में काम करनेवाले 27 वर्षीय सागर शर्मा नामक कामगार के लिए लिफ्ट जानलेवा साबित हुई। सागर लिफ्ट में सवार गया है, लेकिन उसका सिर बाहर ही था कि लिफ्ट चालू हो गया। इस घटना में सागर का सिर धड़ से अलग होने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

कंपनी संचालक ने तुरंत निकट के पुलिस थाने को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही दादरा नगर हवेली के पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और आगे की कार्यवाही शुरूकर दी।

